Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 182 | शुक्रवार, 04 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## घाना की संसद में बोले पीएम मोदी

# 'हमारा लोकतंत्र एक सिस्टम नहीं, बल्कि हमारा संस्कार'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना की राजधानी अक्कारा में वहां की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया, खासकर बदलती परिस्थितियों के संदर्भ में। मोदी ने कहा कि प्रगति तब तक संभव नहीं है जब तक कि ग्लोबल साउथ (विकासशीस व कम विकसित देशों) को आवाज नहीं मिल जाती। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि संस्कार है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के दौर में भारत की लोकतांत्रिक स्थिरता आशा की किरण के रूप में चमक रही है। पीएम ने कहा कि भारत की तेज प्रगति वैश्विक विकास के लिए एक प्रेरक है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व के लिए एक शक्ति का स्तंभ है।

### जी20 में अफ्रीकी संघ की एंट्री का जिक्र

मोदी ने कहा– 'दुनिया नए और जटिल संकटों का सामना कर रही है जैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि प्रगति तब तक संभव नहीं है जब तक कि ग्लोबल साउथ को आवाज नहीं दी जाती। हमें केवल नारे नहीं चाहिए। उनके क्रियान्वयन की जरूरत है।



## शुभमन गिल की ऐतिहासिक पारी



**नई दिल्ली :** शुभमन गिल ने बतौर टेस्ट कप्तान लीड्स में खेले गए अपने डेब्यू मैच में 141 रन की शानदार पारी खेली थी और जब वह बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर बुधवार को एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दूसरे टेस्ट मैच में उतरे तो उसी लय को कायम रखते हुए पहले दिन 114 रन बनाकर अविजित लौटे, लेकिन ये युवा कप्तान यहीं नहीं रुका। गुरुवार को गिल ने वो कर दिखाया जो आज तक इंग्लैंड की धरती पर कोई भारतीय या एशियाई कप्तान नहीं कर पाया था। शुभमन गिल ने आठ घंटे और 48 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। पहले 311 गेंदों पर 200 रनों का आंकड़ा पूरा किया और फिर चौके के साथ 250 का आंकड़ा छुआ।

## || सार संक्षेप

### इंग्लैंड को पहली बार टी20 सीरीज में मात देने के इरादे से उतरेगी 'हरमन ब्रिगेड'

**लंदन।**



पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के विरुद्ध पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में सीरीज जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है।

उसने पांच मैच की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकार्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम सीरीज में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के विरुद्ध हर महिला टी20 सीरीज में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर।

### कर्नाटक में जाति आधारित गणना में लापरवाही बरतने पर सीएम हुए सख्त

**बेंगलुरु।**



अनुसूचित जाति के लिए जाति आधारित गणना करते समय ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में बेंगलुरु महानगरपालिका के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि यदि लोगों को डर है कि सर्वेक्षण ठीक से नहीं हो रहा है तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि क्या ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या है। हम ऑनलाइन गणना करेंगे या फिर घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। यह केवल अनुसूचित जाति से संबंधित है। निलंबित अधिकारियों के नाम रमेश, पेद्दाराजू और सी सेंथिल कुमार है। ये बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के राजस्व प्रभाग में कार्यरत हैं। बीबीएमपी जोनल कमिश्नर (ईस्ट जोन) स्नेहल आर द्वारा दो जुलाई को जारी निलंबन आदेश के अनुसार, जिसे गुरुवार को मीडिया के साथ साझा किया गया, राजस्व निरीक्षक रमेश और कर संग्रहकर्ता पेद्दाराजू को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि उनके अधीन काम करने वाले गणनाकार घर के निवासियों से संपर्क करने और यह पुष्टि करने के बाद घरों पर स्टिकर चिपकाएं कि सर्वेक्षण पूरा हो गया है।

## चीनी हथियार निकले फुस्स तो अमेरिका की शरण में पाकिस्तान



**नई दिल्ली।**

गत मई में भारत के साथ संघर्ष के दौरान चीनी हथियारों के फुस्स होने के बाद पाकिस्तान अब अमेरिका की शरण में पहुंच गया है। उसकी नजर अमेरिकी लड़ाकू विमानों, वायु रक्षा प्रणालियों और मिसाइलों पर है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी हथियारों और रक्षा प्रणाली पर आश्रित पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने इसी मंशा के साथ अमेरिका की यात्रा की। पिछले एक दशक में किसी पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की यह पहली अमेरिका यात्रा है।

### ट्रंप को बड़ी जीत

## टैक्स कटौती और व्यय विधेयक को संसद की मंजूरी

**वाशिंगटन।**



**हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैक्स कटौती पैकेज ने गुरुवार को अमेरिकी कांग्रेस में अपनी अंतिम बाधा पार कर ली। रिपब्लिकन बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा ने टैक्स कटौती और व्यय विधेयक को मामूली अंतर से मंजूरी दे दी तथा इसे हस्ताक्षर करने के लिए ट्रंप के पास भेज दिया। ट्रंप द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा। बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से चर्चित यह विधेयक पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में रहा है। 218-214 वोट के मामूली बहुमत से पारित यह विधेयक रिपब्लिकन राष्ट्रपति के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। इस विधेयक में सीमा सुरक्षा, सेना और सामूहिक निर्वासन के लिए खर्च बढ़ाने का प्रविधान किया गया है। यह मेडिकेयर में भारी कटौती करेगा और सरकार के ऋण में खरबों डॉलर जोड़ेगा। कराधान पर संयुक्त समिति ने अनुमान लगाया है कि यह विधेयक 10 वर्षों में 36.2-ट्रिलियन डालर ऋण में 3.3 ट्रिलियन डालर और जोड़ देगा। राजस्व में 4.5 ट्रिलियन डॉलर की कमी करेगा और खर्च में 1.2 ट्रिलियन डालर की कटौती करेगा। समीक्षकों का कहना है कि यह विधेयक निकट अवधि में अमेरिकी सरकार के ऋण डिफॉल्टर बनने की आशंका को टालता है, लेकिन अमेरिका की दीर्घकालिक ऋण समस्याओं को और बदतर बनाएगा। यह स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में भी कटौती करेगा और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देने वाली दर्जनों योजनाओं को समाप्त कर देगा। याहकीम जेफ्रीज ने बोलना शुरू किया। और वह बोलते गए। बोलते गए। गुरुवार को शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसद हकीम जेफ्रीज ने प्रतिनिधि सभा के इतिहास में सबसे लंबा भाषण देकर रिकार्ड बनाया।

### तेलंगाना में कांग्रेस सम्मेलन आज

## 40000 हजार से अधिक पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे खरगे

**हैदराबाद।**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शुक्रवार को तेलंगाना में कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह बृहस्पतिवार शाम को हैदराबाद पहुंचे, जहां सीएम ए रेवंत रेड्डी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज तेलंगाना में गांव स्तर के 40,000 से ज्यादा पार्टी नेताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

खरगे बृहस्पतिवार शाम को हैदराबाद पहुंचे, जहां आरजीआई हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, तेलंगाना में पार्टी मामलों की एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। गौड़ ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि खरगे राज्य कांग्रेस इकाई की राजनीतिक मामलों की समिति और उपाध्यक्षों व महासचिवों समेत इसके पदाधिकारियों की बैठकों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष 'सामाजिक न्याय समयभरी' नामक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में गांव, ब्लॉक और जिले की कांग्रेस समितियों के अध्यक्ष, विधायक, सांसद, एमएलसी और राज्य मंत्री मौजूद रहेंगे। गौड़ ने बताया कि कांग्रेस ने राज्य में पिछले छह महीनों से 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' नाम का अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। इसका मकसद महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा की रक्षा करना और संविधान पर कथित भाजपा हमलों के खिलाफ आवाज उठाना है।

> गौड़ ने बताया कि खरगे सम्मेलन के दौरान गांव स्तर के कांग्रेस अध्यक्षों और अन्य नेताओं को अपना संदेश देंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कुछ ग्राम समिति अध्यक्ष भी बोलेंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार ने पार्टी के 'सामाजिक न्याय' के एजेंडे के तहत पिछले साल जाति सर्वेक्षण कराया था।

### बिहार चुनाव से पहले ईसी ने समझाई पूरी टाइमलाइन

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में चढ़े राजनीतिक पारे के बीच एक तरफ जहां विपक्षी दल मतदाता गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर भी भारत निर्वाचन आयोग को कठघरे में खड़ा करना चाहते हैं, वहीं चुनाव आयोग इस कोशिश में लगा है कि पारदर्शिता जनता के सामने आ जाए। गुरुवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में पूरी प्रक्रिया और टाइमलाइन स्पष्ट करते हुए बताया कि पांच चरणों में किस तरह से पुनरीक्षण को पूरा किया जाएगा।

## 25 साल पुराना है त्रिनिदाद-टोबैगो और पीएम मोदी के बीच कनेक्शन, विश्व हिंदू सम्मेलन को किया था संबोधित

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी भले ही त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली अधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं, लेकिन इस धरती से उनका संबंध पुराना है। 25 वर्ष पहले पीएम मोदी भाजपा महासचिव के रूप में इस द्वीप राष्ट्र की यात्रा पर गए थे। तब वहां विश्व हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्व कल्याण का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। इसके साथ ही न सिर्फ मोदी, बल्कि उनकी राजनीतिक यात्रा के साथियों की स्मृति में वर्ष 2000 का विश्व हिंदू सम्मेलन ताजा हो उठा है। दरअसल, पोर्ट ऑफ स्पेन के कैस्केडिया होटल में सनातन धर्म महासभा द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाजपा के महासचिव के रूप में मोदी ने भाग लिया था। उस सम्मेलन में दुनिया भर से 1,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसका विषय था- 'आत्म-मुक्ति और विश्व कल्याण'। उन्होंने 'आत्मानम मोक्षार्थम जगत हिताय च' के प्राचीन ज्ञान पर केंद्रित मुख्य भाषण दिया। भारतीय प्रवासियों के भीतर एकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया था।

## भारी बारिश से उत्तराखंड में कई सड़कें धंसीं, चार धाम यात्रा बाधित

**नई दिल्ली/गढ़वाल/मंडी।** हिमाचल के मंडी में दो दिन पहले हुई बादल फटने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई, जबकि 55 लोग अब भी लापता हैं। उत्तराखंड में बुधवार रात से जारी मूसलाधार बारिश के कारण यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के रास्ते में कई जगह भूस्खलन हुआ और सड़कें धंस गईं। यमुनोत्री हाईवे और केदारनाथ-गौरीकुंड हाईवे धंसने से बृहस्पतिवार को चार धाम यात्रा बाधित रही। इस बीच, हिमाचल के मंडी में दो दिन पहले हुई बादल फटने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई, जबकि 55 लोग अब भी लापता हैं।

**हिमाचल में 55 लोग अब भी लापता**



रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच दो जगह भूस्खलन हुआ, जिससे बृहस्पतिवार तड़के केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू नहीं हो पाई। सुबह 7:30 बजे एसडीआरएफ के जवानों ने रास्ता साफ कर गौरीकुंड से 40 यात्रियों को सुरक्षित सोनप्रयाग रवाना किया। सुबह 9 बजे से सोनप्रयाग से यात्रियों को केदारनाथ भेजा गया। हाईवे बंद होने के कारण यात्री सोनप्रयाग से पैदल रास्ते से गौरीकुंड तक गए। वहीं, गंगोत्री हाईवे करीब पांच घंटे बाद बहाल किया जा सका। उत्तराखंड में बारिश के कारण चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिले के कई गांवों में नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। वहीं, गुजरात के बनासकांठा जिले में जगह-जगह सड़कें पानी में डूब गई हैं। हिमाचल के मंडी जिले के अलग-अलग भागों में सोमवार रात बादल फटने और भारी बारिश से आई बाढ़, भूस्खलन से मची तबाही के मंजर की रोजाना नई तस्वीरें सामने आ रही हैं। अकेले सराज क्षेत्र की ही 38 पंचायतें तबाही की चपेट में हैं। यहां सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। न बिजली है और न पानी।

## संपादक की कलम से

# कांवड़ यात्रा में पहलगाम

कांवड़–यात्रा 11 जुलाई से आरंभ हो रही है। इन सालों में जो सांप्रदायिक तनाव दिखा है, नफरत महसूस की है, कमोबेश 10 साल पहले ऐसा माहौल नहीं था। हालांकि हिंदू–मुसलमान भारतीय राजनीति का शाश्वत भाव रहा है, लेकिन कांवड़–यात्रा के दौरान मुसलमान भी शिव–भक्तों की खूब सेवा करते दिखाई दिए हैं। शिविर लगाए जाते रहे हैं, भोजन परोसा जाता है, मीठा पानी पिलाया जाता है, शिव–भक्तों के जख्मों की प्राथमिक चिकित्सा भी की जाती रही है। फिर ऐसा क्या हो गया कि हिंदू संगठनों के कार्यकताओं की तुलना पहलगाम के हत्यारे


ललित शर्मा
संपादक

आतंकियों से करने की नौबत आ गई? उप्र और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए हैं कि कांवड़–यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नामपट्टिका लगाएंगे। लाइसेंस नंबर भी दिखाएं और पहचान–पत्र रखें। यानी स्पष्ट होना चाहिए कि ढाबे, होटल का मालिक हिंदू है अथवा मुस्लिम है! यह व्यवस्था बीते साल भी लागू की गई थी, ताकि कांवडि ?ों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। हरिद्वार और ऋषिकेश तक की अक्सर नंगे पांव की यह यात्रा हिंदुओं का बड़ा धार्मिक आयोजन है। जुलाई, 2024 में सर्वोच्च अदालत ने अंतरिम आदेश के साथ सरकार के निर्देशों पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत का फैसला था कि नामपट्टिका लगाना जरूरी नहीं है। अलबत्ता यह साफ–साफ लिखा जाना चाहिए कि ढाबे में शाकाहार या मांसाहार क्या उपलब्ध है? कांवड़–यात्री अपने पर्व के अनुसार, शाकाहार वाला ढाबा चुन सकेगा। लेकिन अदालत के फैसले को ठेंगा दिखाते हुए उप्र और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों ने इस साल फिर आदेश जारी कर दिए। उसकी आड़ में हिंदू संगठनों के कुछ स्वयंभू हुड़दंगी राष्ट्रीय राजमार्ग–58 पर स्थित एक ढाबे की जांच के लिए आ धमके। दलीलें दी गईं कि वह ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था–पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा। यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। आरोप हैं कि हुड़दंगियों ने ढाबे के कर्मचारियों की पैंट उतरवा कर यह जांचने की कोशिश की कि वे हिंदू हैं या मुस्लिम हैं! विवाद यहीं से भडका। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने कहा कि इन और पहलगाम के आतंकियों में क्या फर्क है? दोनों तरह के आतंकियों ने धर्म की आड़ में कुकर्म किया। फर्क सिर्फ इतना है कि पहलगाम के आतंकियों ने धर्म पूछ कर गोली मार दी और हिंदू पर्यटकों की हत्याएं कीं। कांवडि ?ों के पैरोकारों ने पैंट ही उतरवाई थी। उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा उसे सांप्रदायिक मोड़ दे दिया गया, यह जांच पुलिस कर रही है। प्राथमिकी में 6 आरोपितों के नाम हैं। सभी हिंदूवादी संगठनों के बताए जा रहे हैं। इस घटना में एक स्वयंभू बाबा भी कूद पड़े हैं, जो उसी इलाके में योग–साधना सिखाते हैं। उन्होंने धमकी दी है कि यदि कोई केस बनाया गया, तो देश भर में आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। बाबा ने पैंट उतारने की घटना को फर्जी करार दिया है। यहां बेहद गंभीर सवाल यह है कि क्या राज्य सरकारों की कानून–व्यवस्था बेलगाम और हिंदू दबंगइयों के हाथ है? उप्र देश का सबसे बड़ा राज्य है और राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी झटका लगा था। उसके बाद भाजपा नेता ऑफ दि रिकॉर्ड कहते रहे हैं कि हम ऐसा हिंदू–मुसलमान करेंगे कि सब देखते रह जाएंगे। क्या वही राजनीति सामने आ रही है? बहरहाल पुलिस विशेषज्ञों का मानना है कि इलाके के ढाबों, होटलों और खोमचेवालों के नाम, पिता का नाम, मोबाइल, पता आदि का संपूर्ण डाटा बीट कांस्टेबल के पास होता है। तो फिर जांच के लिए छापामारी करने को हिंदू दबंगइयों को किसने निर्देश दिए थे? हरी झंडी दिखाई थी? यह हरकत आपराधिक और दंडनीय है, लेकिन माना जाता है कि ये कथित हिंदू हुड़दंगी एक निश्चित राजनीतिक संरक्षण में पलते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे असामाजिक तत्त्वों को आस्तीन के सांप करार दिया था। उप्र और उत्तराखंड में कांवड़–यात्राएं आयोजित की जाएंगी, जबकि कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू हो चुकी है। उस यात्रा के दौरान प्रबंध करने वाले सभी मुसलमान होते हैं। वहां हिंदू–मुसलमान के बीच धार्मिक समभाव, सौहार्द क्यों है?

मोनिका डागा

## जगन्नाथ रथ यात्रा

कविता



चारों धामों में बहुत प्रसिद्ध एक जगन्नाथ धाम,
निकलती रथ यात्रा पुरी में बड़ी अद्भुत धूमधाम,
आषाढ शुक्ल द्वितीया तिथि को यह पर्व आया,
भक्तों ने जगन्नाथ प्रभु का जोर जयकारा लगाया ।

सब की पूरी करते मनोकामना नाथों के नाथ,
कृष्ण राधिका युगल स्वरूप ही है श्री जगन्नाथ,
भक्तों को दर्शन देने प्रभु गर्भ गृह से रथ में आते,
रास्ते में अपनी मौसी के घर भी है मिलने जाते ।

सच्चे भक्तों के जीवन में प्रभु कृपा से हो करिश्मा,
सर्वत्र गाई जाती हैं जगन्नाथ रथ यात्रा की महिमा,
श्री महाविष्णु का ही साक्षात है यह सुंदर अवतार,
भक्त प्रिय परमेश्वर प्रभु निकले रथ पर हो सवार ।

आस्था, विश्वास, श्रद्धा, प्रेम का पूर्ण कर समर्पण,
भक्त करते हैं प्रभु को अपना तन मन सब अर्पण,
मालपुआ का प्रसाद सभी भक्तों को है मिलता,
₹आनंद₹ से हर भक्त जय हो जय जगन्नाथ कहता ।

काठ की मूरत में दिल धक धक धड़कता जादूगर,
हे जगन्नाथ ! सब पर रखना अपनी कृपा की नजर,
भरपूर सुख समृद्धि स्वास्थ्य ₹आनंद₹ अपार देना,
हर भक्त की अर्जी जगन्नाथ स्वामी स्वीकार करना ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव


ललित गर्ग

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो ह्यएकता में शक्तिह्ल की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है ह्यसहकारिताः एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लानाह्ल यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों



को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं। सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है।

सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, ह्यमिलजुल कर काम करनाह्ल या ह्यआपस में सहयोग करनाह्ल। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है ह्यसभी के लिए एक, और एक सभी के लिए। भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके। गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफे की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है। आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत की सहकारिता सोच एवं मोदी सरकार की प्रतिबद्धताएं दुनिया के लिये एक प्रेरक मॉडल है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक ऐसा आंदोलन जो समाज को जोड़ने, ऊपर उठाने, संतुलित विकास और ग्रामीण जीवन को टिकाऊ बनाने की क्षमता रखता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि यदि हम साथ मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सहयोग ही सशक्तिकरण की कुंजी है।

## सत्य का अंतिम सत्य साहस और श्रम


संजीव ठाकुर

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है।

# जीवन में कुछ बनने के लिए विनम्र होना जरूरी बीज को भी पेड़ बनने जमीन के नीचे दबना पड़ता है

वैश्विक मानवीय जीवन छैली को अगर हम देखें तो आधुनिकता का भाव कूट-कूट कर भरा है। वर्तमान डिजिटलाइजेशन और वैज्ञानिक युग में वैश्विक स्तरपर पुरानी परंपराओं, पौराणिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों की सोच, आज वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक सोच ने इनका स्थान ग्रहण लिया है। स्थिति आज ऐसी हो गई है कि यदि कोई इन रीति-रिवाजों, मान्यताओं, पौराणिक धार्मिकता, पर अपनी बात करेगा तो उसे पुरानी सोच, दकियानूसी बातें, हो गया पुराना जमाना, कह कर हंसी का पात्र बना दिया जाता है।....बात अगर हम भारत की करें तो कुछ स्तर पर यहां भी ऐसी सोच पाश्चात्य देशों की तर्ज पर स्थापित होती जा रही है। परंतु यह भारतीय मिट्टी इसे सिरे से खारिज करने में अदृश्य अनमोल रोल अदा कर रहीं है।...बात अगर मानवीय गुणों की करें तो भारतीय मानवीय गुण विश्व में सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मानवीय गुणों की श्रेष्ठता में भारत प्रथम रैंक में आएगा ऐसा मेरा मानना है। साथियों,, मानवीय गुणों में अनेक ज्ञानात्मक, क्रियात्मक, विचारात्मक, संस्कार, आत्मक गुण, शामिल होते हैं। हम आज विनम्रता गुण पर चर्चा करेंगे...साथियों,, मेरा मानना है कि भारतीय मिट्टी में विनम्रता का गुणा कूट-कूट कर भरा है। बस इसे ग्रहण करने की जरूरत है। विनम्रता गुण जिसने ग्रहण किया उसमें आध्यात्मिकता, सहिष्णुता की भावना, कर्मवाद, विश्वबंधुत्व उच्च संस्कार, आशावादिता, अतिथि देवो भव वाले विचार, स्वभावरूपी आभूषण, बहुमूल्य सिंगार, अपने आप समाहित हो जाते हैं। साथियों,,आज भारत में जन्मा प्रवासी भारतीय या मूल भारतीय व्यक्ति आज विश्व के कोने-कोने में अपनी एक विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए मिलेगा। चाहे वह विदेशों में मजदूरी का काम करता है या किसी देश का संसद, उपराष्ट्रपति, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल हो तो उसे उस देश के प्रशासक प्राथमिकता देगें क्योंकि वह अपेक्षाकृत अधिक मेहनती, विनम्र, और योग्य है। उसमें अनेक मानवीय गुण अपेक्षाकृत अधिक समाए हुए हैं और विनम्रता का भाव अधिक है इसीलिए उसका सम्मान होता है। और वह श्रेष्ठमानव की श्रेणी में आता है। विनम्रता के कारण मानव किसी को भी जल्दी संप्रेषण कर आसानी से उसे संतुष्ट कर सकता है। सभको अपना बना लेता है, समाज में श्रेष्ठस्थान पाता है। विनम्रता एक ऐसी खान है जिसमें सहनशीलता, दया, परोपकार, प्रसन्नता, प्यार, वाणी, सुव्यवहार, स्वभाव, आचरण, रूपी अनेक अस्त्र समाहित होते हैं जिससे कोई भी जंग जीतना आसान हो जाता है। क्योंकि उस खान में इतने अस्त्रों से सम्मानित व्यक्ति किसी भी जंग में हार नहीं सकता। इसलिए ही कहा गया है बिना मूल्य मनुष्य का बहुमूल्य आभूषण और श्रृंगार उसकी नम्रता का गुण है। साथियों,, अगर हम गंभीरता से देखें तो एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को जानने की पहली सीढ़ी उसकी विनम्रता रूपी गुण होती है। तभी आगे व अन्य मानवीय गुणों को प्राप्त करेगा। आज के आधुनिक युग में मानवीय गुणों की विलोप्ता तेजी से बढ़ी है और धनबल का अस्तित्व बढ़ रहा है, परंतु यहां भारतीय संस्कार और भारत की मिट्टी अपना प्रभाव दिखाकर भारत में विनम्रता के विस्तार में अग्रसर है, क्योंकि व्यक्ति की परवरिश में परिवार के संस्कार और देश की संस्कृति का असर तो होता ही है। फलस्वरुप उसके व्यवहार में विनम्रता का गुण पनपता है, जिसका श्रेय ही भारत की मिट्टी, धरोहर को जाता है। विनम्रता एक ऐसा मानवीय गुण है जो धन बल से खरीदा नहीं जा सकता। विनम्रता का गुण बड़ी-बड़ी समस्याओं, विपत्तियों, विपरीत परिस्थितियों, दुखों, का निवारण इस विनम्रता रूपी अस्त्र से किया जा सकता है और अंतिम जीत विनम्रता की ही होती है। विनम्रता गुस्से, कटुता, की काट है। क्योंकि विनम्रता का पलड़ा अहंकार, गुस्से, और ज्ञान के पलड़े से भारी होता है। कोई व्यक्ति कितना भी शिक्षाप्रद, बड़ा अधिकारी, बड़ा मंत्री, क्यों ना हो विनम्रता के बिना उसका यह अस्तित्व व्यर्थ है, उसके सामने एक निरीह, अनपढ़, और विनम्रता से ओतप्रोत मानव सफल, सचेत, और मूल्यवान माना जाएगा और अंतिम जीत विनम्रता धारक व्यक्ति की ही होगी। साथियों,, जीवन तनावमुक्त, प्रेम, प्रसन्नता, सौदाहर्यता, जीवन में सुखशांति, रिश्तो में माधुर्यता प्राप्त करना है तो मानवीय गुणों के इस विनम्र भाव को अपनाना होगा, क्योंकि जीवन में कुछ करने के लिए विनम्र होना जरूरी है जैसे एक बीज को भी जमीन के नीचे दबना पड़ता है उसके बाद ही अंकुरित होकर विशालकाय पेड़ का स्वरूप लेता है। इसलिए ही वैश्विक मानवीय गुणों में एक विनम्रता, यह मानव जीवन का बहुमूल्य श्रृंगार और श्रेष्ठ गुणवत्ता अस्त्र है।


गोंदिया

# नगीना में, मुहर्रम के सातवें दिन, हजरत अब्बास की याद में जुलूस निकाला गया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नगीना।** मुहर्रम की सात तारिक को हजरत अब्बास अलमबरदार की शहादत पर निकलने वाला अलम मुबारक का जलूस गुरुवार की दोपहर अपने तयशुदा समय से नगर की बड़ी सब्जीमंडी स्तिथ सफदर वाली मस्जिद से शुरू हुआ ।इस मौके पर सोगवारों ने हजरत अब्बास अलमबरदार की शहादत के वाकिये को बयान के साथ नोहा ख़्वानी करतें हुये गम का इजहार शदीद सीनाजनी के साथ किया ।मौलाना कुमेल अब्बास रिजवी ने कर्बला में हुई शहादते इमाम हुसैन( रजि. )व उनके सहाबाओं के बारे में लोगों से करतें हुये कहा कि हजरत इमाम हुसैन( रजि. )ने अपने नाना आप( सल्ल. ) के दीन इस्लाम और इंसानियत को कयामत तक जिंदा रखने के लिए कर्बला में अपनी और कुनबे की कुबार्नी दे दी ।आपकी इस अजीम कुबार्नी में इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब व उनके दो छोटे बच्चे भी शहीद हुए ।दुनिया में हजरत इमाम हुसैन( रजि. )और हजरत जैनब जैसे भाई बहन के प्यार की मिसाल रहती दुनिया तक नहीं मिल सकती ।अलम मुबारक का जलूस नगर के मुगलान स्तिथ सबदर वाली मस्जिद से शुरू होकर इमाम बारगाह किला होता हुआ जामा मस्जिद,बड़ी सब्जी मंडी, मुहल्ला अकाबरान, पंजाबियान, काजी सराय,लुहारी सराय, शाहजहीर, सरायमीर स्तिथ इमामबाड़ा पहुँचने के बाद विश्नोई सराय, खजूर वाली मस्जिद, नालबंदान, होता हुआ वापस बारहदरी स्थित सलीम रिजवी के यहाँ पहुँच कर तमाम हुआ ।जलूस में अर्शी आब्दी,हुसैन मिया, हैदर अली,मुहम्मद माशू,शब्लु,मुहम्मद तकि,राहत आब्दी,अरमान वसीह अब्बास व फरहत आब्दी मेहराज जैदी, सलमान हैदर,आमिर अब्बास,आदि ने नोहाख़्वानी पर शदीद सीनाजनी की ।जबकि नोहाख्वानी व मरसियों में कर्बला के वाकियात को जिसकों सुन कर लोगों की आंखे नम हो गई,और शदीद सीनाजनी को देखकर कलेजा मुँह को आ गया ।वही सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या के पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# गोल्डन लायंस क्लब नूरपुर मेन ने मीटिंग आयोजित की




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** गोल्डन लायंस क्लब नूरपुर मेन के नये सत्र की शुरूआत की मीटिंग व डॉक्टर्स डे तेज मेमोरियल हॉस्पिटल में मनाया गया। जिसकी मुख्य अतिथि प्रोजेक्ट हेड डॉक्टर सरिता शर्मा रही। जिसमें सीनियर डॉक्टर जसविंदर कौर, डॉक्टर आसमा रहबर, डॉ निर्मला राणा, डॉक्टर कुंतेश सैनी, डॉक्टर मोना यादव को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर कौर, सचिव डॉक्टर मोना यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कौर, क्लब के मेंबर्स राकेश यादव, सारिका चौधरी, अमित यादव, परमजीत कौर, शिवांगी ठाकुर मौजूद रही।

# सरकारी नाली और चकरोड घेरने की शिकायत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**किरतपुर।** छितावर रोड पर स्थित निर्माणधीन कालोनी में कालोनाइजर द्वारा सरकारी नाली और चकरोड को घेरने की शिकायत की गई है।शिकायत पर राजस्व विभाग से कानूनगो ने मौके पर पहुंच कर जांच की। कानूनगो सुरेश ने बताया कि कालोनाइजर से कहा गया है कि वह उक्त भूमि पर कोई भी किसी तरह का निर्माण नहीं करेंगे। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया। मौहल्ला हसनपूरा निवासी शाहबुद्दीन पुत्र हबीब अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल, उपजिलाधिकारी नजीबाबाद और नगर पालिका परिषद किरतपुर में शिकायत दर्ज कराई है कि खसरा न० 1011 व 1015 के बीचों बीच कदीमी नाली है जो सरकार के राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसे पाट दिया गया है। वहीं 1015 व 1028 पर सरकारी चकरोड है। जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। शाहबुद्दीन की शिकायत पर कानूनगो सुरेश ने जांच की है।कानूनगो ने बताया कि कालोनाइजर को बता दिया गया है कि वह नाली और चकरोड पर किसी तरह का भी कोई निर्माण नहीं करेगा।इधर कालोनाइजर शम्शुद्दीन ने बताया कि हमें सरकारी जमीन रत्ती बराबर भी नहीं चाहिये।

# गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



नूरपुर : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चीनी बिंदल पेपर्स शुगर चांगीपुर गन्ना समिति नूरपुर के ग्राम अमानतपुर मे मुख्यमंत्री जी के ह्लगन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमह्व के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद चांदपुर के मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चीनी मिल की ओर से इन्द्रवीर सिंह मुख्य गन्ना प्रबंधक नें गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं, फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। चीनी मिल के अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक भूपेंद्र सिंह द्वारा मिट्टी के नमूने के विषय मे जानकारी दी। उनके द्वीरा अवगत कराया गया की सोइल फर्टिलिटी मैप के अनुसार ही पोषक तत्वों को खेतो मे डाले, इनके द्वारा प्रजातीय संतुलन के बारे मे बताया गया गन्ना समिति नूरपुर मे स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं एवं, जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने, गन्ने में ड्रिप सिंचाई , गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियाँ, सहफसली खेती की महत्ता, मृदा स्वास्थ, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया। इसके पश्चात उप प्रबंधक राजवीर सिंह द्वारा सभी कृषको को अवगत कराया की बर्तमान परिदृश्य मे आय दुगनी करने का एक मात्र विकल्प पंचामृत बिधि से खेती करना ही रह गया हैं पंचामृत बिधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटरक्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट, और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभाव शाली हैं गोष्ठी मे प्रगतिशील कृषक एवं मास्टर ट्रेनर ने सिंगल बड बिधि से गन्ने बुवाई के बारे में बताया। परिषद गन्ना पर्यवेक्षक विनीत कुमार ने विभागीय योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया कृषक गोष्ठी में डिवीजन इंचार्ज अजय प्रताप सिंह एवं फील्ड सुपरवाइजर मनचित्त कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफल रहे पैरोकार, बुलन्दशहर एसएसपी ने किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पैरोकारों को बुलन्दशहर पुलिस ने सम्मानित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह पैरोकारों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।एसएसपी ने कहा कि गवाहों की समय पर उपस्थिति और मुकदमों में ठोस पैरवी अपराध नियंत्रण की दिशा में बेहद अहम है।इन पैरोकारों ने अपनी निष्ठा और कर्मठता से यह कार्य बखूबी निभाया है। उनकी मेहनत से कई मामलों में अपराधियों को न्यायिक सजा दिलाई जा सकी, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है।सम्मान पाने वालों में खुर्जा नगर, सलेमपुर, डिबाई, कोतवाली नगर, कोतवाली देहात और सिकन्द्राबाद थानों में तैनात पैरोकार शामिल हैं।

# कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन सिविल लाइन स्थित कैंप कार्यालय पर किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन सिविल लाइन स्थित कैंप कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता निक्कू पंडित व संचालन उमेश दुबे ने किया।

बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि हर स्तर पर पारदर्शिता और उत्तरादायित्व तय कर संगठन को गतिशील बनाना हमारी प्राथमिकता हैं।मुतिउर रहमान बबलू ने कहा कि जिला संगठन को आम जनमानस के साथ खड़ा होकर विश्वास अर्जित करना होगा यही कांग्रेस की परंपरा रहीं हैं। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि शहर कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय कर कांग्रेस की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचायेगा। उमेश दुबे ने कहा कि अनुशासन व निरंतर संवाद और सक्रिय सहभागिता ही संगठन सृजन अभियान को सफल बना सकते हैं। सभी को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने के साथ समयबद्व रिपोर्टिंग सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में सचिन त्रिवेद्वी, एकलव्य वाल्मीकि, नुसरत अली खान, दुर्गेश मौर्य, कपिल चैधरी, डा. जफर, शकील मंसूरी, मोईन पठान, कलीम अहमद, ताहिर अंजुम आदि मौजूद थे।

# अवैध देशी तमंचे के साथ एक गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने अवैध तमंचे सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। आरोपी का नाम रविंद्र कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह है जो औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गाँव सुरजावली का ही रहने वाला है। पुलिस को इस के बारे में गुप्त सूचना मिली थी।पुलिस ने बालका रोड से दबिश देकर आरोपी को काबू किया। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 315 बोर का देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसओ वरुण कुमार ने बताया है की पकड़े गये आरोपित का नाम रविंद्र कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी गाँव सुरजावली बताया गया है। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामपुर नगर पालिका ने मनाया गया प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** अंर्तराष्ट्रीय प्लास्टिक बेग मुक्त दिवस पर रामपुर नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने बाजरों में दुकानदारों एवं ग्राहकों को वार्डो में डोर टू डोर बेग बांटे।

शासन के आदेश पर एक से 12 जुलाई तक प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान चलाया जा रहा हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सनाम मामून द्वारा इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे के मौके पर शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जूट के थैले वितरित किये एवं जनता से अपील की सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करें। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्लास्टिक के उत्पादन से प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचता हैं। उन्होने लोगों से प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैले उपयोग करने की अपील की। उन्होने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रकृति के लिए तो अभिशाप हैं साथ आम जनता के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरीत असर पड़ता हैं। प्लास्टिक यूज करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां पैदा होती हैं जिसे हर हाल में रोकना हमारा मकसद हैं। इस मौके पर दिलशाद हुसैन, द्वारका नाथ, देवेन्द्र गौतम, अविनाश कुमार, मामून शाह खां, सैयद फैसल हसन, सभासद सुमित, सभासद शावेज अंसारी, सभासद फहीम, सभासद नावेद कुरैशी, सभासद शादाब अंसारी आदि मौजूद थे।

# आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की मासिक बैठक का आयोजन घेर मियां खां स्थित बाबर खां के आवास पर किया गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की मासिक बैठक का आयोजन घेर मियां खां स्थित बाबर खां के आवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाबर खां ने व संचालन मौलाना शादाब कदीरी ने किया।

बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि मुसलमानों को तालीम हासिल करना चाहिए।पढ़े लिखे नौजवान ही देश की तरक्की में शामिल हो सकता हैं। देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को याद करते हुए कहा कि उन्होने किस तरह से तालीम हासिल की और देश की तरक्की में योगदान देते हुए राष्ट्रपति बने। प्रदेश अध्यक्ष खान शुऐब युनूस ने कहा कि उप्र में संगठन को और ज्यादा मजबूती देने के लिए शीघ्र ही दौरे किये जायेंगे। उन्होने कहा कि मुसलमानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए सरकार उन्हे बीस प्रतिशत आरक्षण दें। उन्होने कहा कि मुसलमानों की हालत काफी बदतर हो चुकी हैं नौकरी के नाम पर मुसलमान युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। बैठक में असलम खान, अर्शी खां, बाबू खां, राहत जान खां, हाजी जलीस, रफी, परवेज खां, आरिज खां, जुनैद कुरैशी आदि मौजूद थे।

# स्कूली बच्चें एक गांव से जगंल के रास्ते से होकर दूसरे गांव में स्कूल जाने को मजबूर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नगीना ।** कोतवाली ब्लॉक क्षेत्र के गांव अलीपुर मिठ्ठन में आज भी एक ऐसा स्कूल है जहां स्कूली बच्चें एक गांव से जगंल के रास्ते से होकर दूसरे गांव में स्कूल जाने को मजबूर है जबकि गांव के भीतर ही एक विद्यालय मौजूद है लेकिन सरकार की योजना के तहत एक विद्यालय को दूसरे विद्यालय से जोड़कर उसे उसमें युग्मित कर दिया गया है जिस गांव के बच्चे अपने गांव को छोड़कर दूसरे गांव के स्कूल में अपनी शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने को जाने को मजबूर हैं बुधवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को शिकायत कर कहा कि रास्ते में घने जंगल पढ़ते हैं जिसमें आए दिन गुलदार देखे जाते हैं और छोटी बड़ी घटनाएं हर रोज होती रहती हैं इस कारण गाँव वालो को लगता है अगर हमारे गांव के बच्चे दूसरे गांव के स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं तो वह अपनी मौत से खिलवाड़ करना होगा इसी के साथ ग्रामीणों ने शिकायत जिलाधिकारी में उप जिलाधिकारी महोदय से अपने गांव के स्कूल को योजना के अंतर्गत निर्मित करने वाले प्रक्रिया को वापस करने की मांग और कहां है ऐसा करने से हमारे बच्चे अपनी शिक्षा व उनका भविष्य सुनहरा होगा दिए गए शिकायती पत्र शैलेश कुमार, सचिन कुमार प्रेम सिंह नरेश कुमार बबलू कुमार सुरेश सिंह विपिन, रोहतास, सक्षम, रामपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, रोहित कुमार, उदयराज सिंह, तेजपाल सिंह, हरि सिंह, अमित, अजीत पाल, राहुल पाल, अजय पाल, धनीराम, अर्जुन सिंह, ओम प्रकाश, भीम सिंह, अंकित, घनश्याम, अजय सिंह, सूरज सिंह, बिरजू कुमार, चंद सिंह, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

# राजपाल यादव ने एक्शन सीन करने पर कहा: अगर मुझे मौका मिला तो आप देसी जैकी चैन को देखेंगे



सनी कुमार केसरवानी

**प्रयागराज।** मिड-डे शोबिज अवॉड्र्स में राजपाल यादव ने एक दिल को छू लेने वाला पल साझा किया और कहा कि हमारे साथ उनका रिश्ता एक परिवार जैसा है। अपने 25 साल के सफर पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ. शुरूआत थी - अब, वह अपने 'देसी जैकी चैन' युग को धमाकेदार एक्शन के साथ पेश करने के लिए तैयार हैं।

पिछले सप्ताहांत मिड-डे शोबिज अवाड्र्स में दिग्गज अभिनेता राजपाल यादव मुख्य अतिथि थे, जहाँ सिनेमा में उनके योगदान को वरुण धवन अभिनीत बेबी जॉन में उनकी प्रभावशाली भूमिका के लिए नामांकन के साथ स्वीकार किया गया। अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और अविस्मरणीय स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जाने जाने वाले राजपाल यादव ने इस बार अपने जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस से दर्शकों को चौंका दिया - एक ऐसा प्रदर्शन जिसने अप्रत्याशित रूप से तालियाँ बटोरीं। वैसे तो वे लंबे समय से कॉमेडी के अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं, लेकिन राजपाल यादव के काम में कई तरह की विधाएँ शामिल हैं, जिनमें नकारात्मक भूमिकाएँ और अब, धमाकेदार एक्शन शामिल हैं। और अभिनेता राजपाल यादव के मीडिया प्रभारी सनी केसरी ने बताया कि अपना आभार व्यक्त करते हुए, अभिनेता राजपाल यादव ने कहा, ₹मेरे मन में मिड-डे के लिए एक आंतरिक प्रेम और प्रशंसा है और मैं उनके साथ एक बंधन साझा करता हूँ - जैसे कि वे मेरे परिवार के सदस्य हैं। और आज, 'कॉमेडी एक गंभीर व्यवसाय है' से परे मेरी कीमत को पहचानकर, उन्होंने मुझमें फिर से विश्वास जगाया है।₹ राजपाल यादव देसी जैकी चैन हैं अपनी ऑनस्क्रीन छवि में आए बदलाव पर विचार करते हुए, राजपाल ने बताया कि कैसे उनके एक्शन दृश्यों ने प्रशंसकों और सहकर्मियों से सवाल खड़े किए, ₹कई लोगों ने मुझसे पूछा कि हमने आपको इतने सालों से एक्शन भूमिका में क्यों नहीं देखा, और मेरे पास कहने के लिए केवल एक ही बात थी जो सच है- मुझे कोई अवसर नहीं मिला। जब मुझे मौका मिला, तो मैंने उसे लपक लिया। और जैसा कि आप देख सकते हैं, उस किरदार को दर्शकों से बहुत प्यार मिला है।

# मोहर्रम की सातवीं पर निकला शांति पूर्ण जुलूस, गूंजे या हुसैन के नारे

वेलकम इंडिया




**लखीमपुर।** मोहर्रम की सातवीं के अवसर पर कस्बा खीरी में शिया समुदाय द्वारा परंपरागत तरीके से मातमी जुलूस निकाला गया। अंजुमने हुसैनिया वेलफेयर सोसाइटी की अगुवाई में निकाले गए इस जुलूस में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और मासूम बच्चों ने हिस्सा लिया।जुलूस में शामिल अजादार या हुसैन, या सकीना, या अब्बास के नारों के साथ मातम करते हुए मुलगी टोला स्थित शिया वास्को इमामबाड़े तक पहुंचे। इमामबाड़े में भी अजादारों ने मातम कर इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद किया।हैदर हुसैन ने कहा,मोहर्रम हमारे लिए सिर्फ शोक का महीना नहीं है, बल्कि यह इंसाफ, इंसानियत और बलिदान का पैगाम देता है। इमाम हुसैन ने कर्बला में अन्याय के खिलाफ जो मिसाल पेश की, वह हर इंसान के लिए सबक है।फिज्जा रिजवी ने कहा, बीबी जैनब की हिम्मत और सब्र से हमें यह सीख मिलती है कि कठिन हालात में भी सच और हक के लिए खड़ा रहना चाहिए। महिलाएं इस जुलूस में इसलिए शामिल होती हैं ताकि इस पैगाम को जिंदा रखा जा सके।अंजुमन हुसैनिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जुलूस मार्ग में सबील ठंडे पानी और शरबत की व्यवस्था लगाई गई, जिससे अजादारों को राहत मिली। आयोजन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरा जुलूस शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ।

# वरिष्ठ उपनिरीक्षक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर/** थाना औरंगाबाद के परिसर में औरंगाबाद थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र शर्मा के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। आपको बता दें कि वरिष्ठ उप निरीक्षक मुनेंद्र शर्मा ने लगभग 3 वर्ष तक थाना औरंगाबाद में रहकर क्षेत्र में एक अलग छवि बना ली थी इनका स्थानांतरण थाना स्याना में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर स्थानांतरण होने पर कस्बा क्षेत्र के नागरिकों और थाने के समस्त कर्मियों ने सम्मान पूर्वक फूलमाला पहनाकर उन्हें उनके नए दायित्व की बधाई दी। विदाई समारोह की अध्यक्षता सुरजावली ग्राम प्रधान गजराज सिंह ने की वहीं राजीव शर्मा पत्रकार ने भी उनके कार्यों की सराहना की। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने उनके कार्यकाल की तारीफ करते हुए उनके नवदायित्व की शुभकामनाएं प्रदान की इस मौके पर उपनिरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, वीरेंद्र पाल स्वदेश कुमार, शशिकांत, अंकित यादव,कॉन्स्टेबल हेमंत कुमा आदि रहे।

# साइबर अपराध पर और कसेगी लगाम, जिले के सभी थानों में शुरू होगी साइबर हेल्प डेस्क

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** आधुनिक दौर में बढ़ते साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए और पीड़ित लोगों की तुरंत सुनवाई के लिए पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार जिले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई जा रही है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में साइबर अपराध के शिकार पीड़ित लोगों की मदद के लिए राज्य स्तरीय दो वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9256001930 व 9257510100 शुरू किए गए है पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया है कि सायबर धोखाधड़ी से पीड़ित लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में जिले के सभी थानों पर सायबर हेल्प डेस्क शुरू की जा रही है, इसके लिए पुलिस लाइन में थानों से चयनित पुलिसकर्मियों का 02 जुलाई 2025 से 06 जुलाई 2025 तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षण में सायबर अपराध रोकने, सायबर पीड़ित लोगों की त्वरित मदद की बारीकी सिखाई जा रही है जिले में मोबाइल गुम या चोरी होनी की भी कई घटनाएं होती हैं। इसके लिए भी मोबाइल गुम होने पर हेल्पडेस्क राजस्थान पुलिस की वेबसाइट [illegible] पर ऑनलाइन या ऑफलाइन रिपोर्ट दर्ज करने और सीईआइआर पोर्टल [illegible] पर डिवाइस को ब्लॉक करवा सकेंगे। इसके अलावा नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से फ्रीज की गई धनराशि को आपके बैंक खाते में वापस दिलाने की प्रक्रिया में साइबर हेल्प डेस्क सहायता करेगी। यह साइबर हैल्प डेस्क फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बने फर्जी अकाउंट की रिपोर्ट करने या उन्हें बंद करवाने की कार्रवाई में भी मदद करेगी।

# भारतीय स्टेट बैंक की 70 वीं वर्षगांठ मनाई



वेलकम इंडिया

**सिकंदराबाद।** भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा, सिकंदराबाद में बैंक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर डॉ प्रदीप दीक्षित चेयरमैन नगर पालिका योगेश शर्मा आई आर एस आयकर आयुक्त, एवं तुलसी जेठवानी, मुख्य प्रबंधक एस बी आई ने संयुक्त रूप से केक काटा एवं ग्राहकों के साथ बैंक का 70 वे स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों का सम्मान एवं दीर्घकालिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना है शाखा के मुख्य प्रबंधक तुलसी जेठवानी द्वारा बैंक के नए उत्पादों एवं सेवाओं की जानकारी के साथ साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

# भारतीय महिलाओं का सशक्तिकरण किसकी नीति पर होगा - दिव्य अग्रवाल (लेखक एवं विचारक)

वेलकम इंडिया



भारत में कुछ राजनेता जो शायद हिन्दुत्वादी विचार भी रखते हैं उनका ऐसा विश्वास है की मोहम्मद साहब की नीति पर चलते हुए भारत में महिलाओं का शसक्तीकरण किया जा रहा है ।मोहम्मद साहब की नीति क्या है यह तो इस्लामिक समाज या वो लोग जान सकते हैं जिन्होंने इस्लामिक पुस्तक का अध्यन किया हो। अधिकतर इस्लामिक देशो में इस्लामिक पुस्तक के विचारो का अनुसरण किया जाता है इस्लामिक देशो में सामान्यतः देखा जाता है की महिलायें जब घर से बाहर निकलती हैं तो बुर्के का परिवेश पहनकर ही निकलती हैं, महिलाओं को काम करने की इजाजत नहीं होती ,पारिवारिक माहौल में यदि महिला समाहित नहीं होती तो तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर मियाँ बीवी के सम्बन्ध को तोड़ने का भी प्रावधान है, एक इस्लामिक पुरुष बहुविवाह भी कर सकता है अन्य कई ऐसे प्रावधान है जो महिलाओं के लिए बनाय गए हैं पर क्या वह सब प्रावधान महिला का सशक्तिकरण करते हैं, यह तो इस्लामिक महिलायें ही बता सकती हैं । लेकिन हिन्दू समाज के लिए विचारणीय है कि भारत में महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा, किसकी नीति पर होगा क्योंकि भारत अभी तक तो इस्लामिक राष्ट्र बना नहीं है भारत तो प्रभु श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करता है और यदि संभव रहा एवं मजहबी चाटुकारिता का भाव पोषित न हुआ तो आगे भी प्रभु श्री राम के आदर्शों का ही अनुसरण करना चाहेगा।

# संडासी मारकर उतारा मौत के घाट

**बुलंदशहर।** एसपी ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 30 जून को हुई कपिल की हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि एक महिला ने अपने पति, भाई व भाई के दोस्त के साथ मिलकर अपने प्रेमी की हत्या कर दी और शव को एक ईख के खेत में फेंक दिया था। इस सम्बन्ध मे मृतक के भाई रविन्द्र की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सभी पहलुओं पर जांच करते हुई 04 अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र साहब सिंह, आरती पत्नी देवेन्द्र, निवासी ग्राम खालौर थाना जहांगीराबाद, हर्ष सिरोही पुत्र भूपेन्द्र निवासी ग्राम सैदपुर थाना बीवीनगर, अनूप पुत्र नेत्रपाल निवासी मुरादाबाद थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर को जटपुरा बम्बे की पुलिया के पास अनूपशहर से गिरफ्तार किया गया हैं, तथा अभियुक्त की निशादेही से आलाकत्ल संडासी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व खून से सनी शर्ट बरामद की गयी हैं।

# अंत्योदय शिविर में 15 साल पुराने बंटवारे के विवाद का समाधान

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)** ।राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत लालपुर में आयोजित शिविर में एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ। ग्राम अतरौली के नत्थीलाल पुत्र बच्चूसिंह, देवीप्रसाद, नरेश कुमार, राकेश कुमार पुत्रगण गंगाधर सहित कुल 13 खातेदार लगभग 15 वर्षों से अपनी 15 बीघा 10 विस्वा खातेदारी भूमि के आपसी बंटवारे को लेकर परेशान थे। विवाद जटिल होने और आपसी सहमति न बन पाने से मामला वर्षों से लंबित था, जिससे परिवारों में तनाव और मनमुटाव बना हुआ था।

शिविर के दौरान जब इन खातेदारों ने अपनी समस्या कैंप प्रभारी उपखंड अधिकारी वर्षा मीना के सामने रखी, तो उन्होंने गंभीरता से सुनते हुए तत्काल तहसीलदार दीप्ति देव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार ने मौके पर ही भू-अभिलेख निरीक्षक बबलु कुमार और हल्का पटवारी विद्याराम की मदद से सभी खातेदारों की सहमति से विभाजन प्रस्ताव तैयार करवाया।

तुरंत कार्रवाई करते हुए सहमति विभाजन को मौके पर ही स्वीकृत किया गया और हल्का पटवारी ने तुरंत ऑनलाइन दर्ज भी कर दिया। सभी खातेदारों को ऑनलाइन नकल शिविर में ही सौंप दी गई, जिससे वर्षों से लटका विवाद एक ही दिन में निपट गया। सभी खातेदारों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि हमने सोचा नहीं था कि यह काम इतना जल्दी हो जाएगा, अब हमें खेती, ऋण और सरकारी योजनाओं में कोई दिक्कत नहीं होगी। सभी ने इस समाधान के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन और राजस्व टीम का आभार व्यक्त किया।

# प्राचीन मां पथवारी देवी मन्दिर में सहस्त्र चंडी महायज्ञ की धूम

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**मथुरा।** मसानी तिराहा स्थित प्राचीन मां पथवारी देवी मन्दिर प्रांगण में मां रंगेश्वरी महाकाली देवी भक्त मण्डल के द्वारा गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में सहस्त्र चंडी महायज्ञ अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत सैकड़ों वेदज्ञ विप्रों के द्वारा दैनिक दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन एवं अर्चन आदि के कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

मां रंगेश्वरी महाकाली के परम भक्त अशोक गुप्ता (माई दास) ने कहा कि भारतीय वैदिक सनातन धर्म में मां भगवती की उपासना का अत्यधिक महत्व है।उनका सुमिरन, स्मरण व ध्यान तीनों ही मंगलकारी और कल्याणकारी होता है। यज्ञाचार्य पंडित रामनिहोर त्रिपाठी ने कहा कि नवरात्रों में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इन दिनों कन्या व लांगुरों का पूजन-अर्चन करके प्रसाद ग्रहण कराने से मां दुर्गा अति शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती हैं। राजेश चौधरी ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ के अन्तर्गत 04 जुलाई को शतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। इसके अलावा रात्रि को देवी जागरण आयोजित होगा। 05 जुलाई को सैकड़ों कन्या-लांगुरोंओं का पूजन-अर्चन करके उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, चित्रकार कोविद द्वारिका आनंद, संत रसिया बाबा महाराज, अमरनाथ गोयल, कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी सुपारी वाले), आनन्द अग्रवाल, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मौहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस: पुलिस प्रशासन रहा तैनात, शांतिपूर्ण रहा माहौल, सामाजिक सौहार्द की बनी मिसाल

वेलकम इंडिया



संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त भारी पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह

**बुगरासी :** चौकी क्षेत्र कस्बा बुगरासी में मौहर्रम के अवसर पर सातवीं का परंपरागत ताजिया जुलूस निकाला गया। सुबह से ही क्षेत्र में धार्मिक माहौल रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुलुस में शामिल हुए। जूलूस के मार्ग पर जगह जगह शरबत, पानी और चाय की छबीले लगाई गई। इससे सामाजिक सौहार्द का उदाहरण देखने को मिला। थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह भारी पुलिस बल के साथ जूलूस वाले सभी मार्गों पर मौजूद रहे। उन्होंने जूलूस के पूरे मार्ग की निगरानी की। ने आयोजकों और समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने कहा कि क्षेत्र की गंगा- जमुनी तहजीब को कायम रखना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के लिए पूरी सतर्कता बरती गई। लोगों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया। जूलूस सम्मान और मयार्दा के साथ सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के नागरिकों ने थाना नरसेना व चौकी बुगरासी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर श्री गहोई वैश्य पंचायत के पंचों का मनाया गया जन्मदिवस

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** श्री गहोई वैश्य पंचायत वैश्य समाज की भारतवर्ष में सबसे प्रतिष्ठित पंचायत है। गहोई वैश्य समाज विभिन्न व्यवसायों में लिप्त है एवं व्यापार के माध्यम से देश को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रहा है लंबे समय से यह समाज देश हित में कार्य करता आया है। व्यापारी वर्ग ने विपत्ति के समय लोगों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं चाहे वह कोरोना काल हो या किसी व्यक्ति विशेष पर कोई समस्या आन पड़ी हो, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी व्यापारी वर्ग आर्थिक सहयोग करता आया है। इसी कारण श्री गहोई वैश्य पंचायत के पंचों को सर्व समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। संघर्ष सेवा समिति जनपद और आसपास के क्षेत्रों में धरातल स्तर पर समाजसेवा का कार्य कर रही है। समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी जो श्री गहोई वैश्य पंचायत के पंच भी हैं। गहोई समाज के गौरव के रूप में उभर कर सामने आए हैं जो वैश्य समाज के साथ सर्वसमाज के लिये तन मन धन से तत्पर हैं। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर श्री गहोई वैश्य पंचायत के तीन पंचों ओमप्रकाश बिश्वारी, केदारनाथ पहारिया और अशोक बरसैंया के साथ बुंदेलखण्ड क्षेत्रीय गहोई सभा के अध्यक्ष रामप्रकाश हथनौरिया का जन्मदिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ० संदीप ने चारों स्वजातीय बंधुओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया तत्पश्चात केक काटकर चारों अतिथियों को जन्मदिवस व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गयीं। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा प्रत्येक समाज में पंचों को परमेश्वर का प्रतीकात्मक रूप माना जाता है श्री गहोई वैश्य पंचायत जनपद में वैश्य समाज के सर्वांगीण विकास के लिये लगातार कार्य कर रही है इसीलिये हमारा कर्तव्य है कि हम भी समाज के पंचों का आदर करें। आज हमारे कार्यालय पर समाज के पंचों का जन्मदिवस मनाया गया, सभी सदस्य आज हमारे कार्यालय उपस्थित हुए हम समाज के चारों बंधुओं का आभार व्यक्त करते हैं व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हैं। इस अवसर पर श्री गहोई वैश्य पंचायत के अध्यक्ष रामप्रकाश नाछोला ने कहा डॉ० संदीप संपूर्ण बुंदेलखंड में गहोई समाज के उभरते हुए सितारे हैं डॉ० संदीप के समाजसेवी कार्यों से हमारा पूरा समाज गौरवान्वित हुआ है। वे गहोई समाज के साथ सर्व समाज के लिए कार्य कर रहे हैं मैं डॉक्टर संदीप के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और साथ ही आज जिन साथियों का जन्मदिवस मनाया गया मैं उन्हें शुभकामनाएं व आशीर्वाद देता हूँ। आगे के क्रम में केदारनाथ पहारिया ने कहा यह बड़े हर्ष का विषय है कि आज डॉक्टर संदीप जैसे लोग हमारे समाज को गौरवांवित कर रहे हैं आज उनके द्वारा हम सभी पंचों को कार्यालय पर आमंत्रित किया गया और हमारे जन्म दिवस की खुशियां सभी ने मिलकर मनाई। इस हेतु मैं डॉक्टर संदीप और संघर्ष सेवा समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ। श्री गहोई वैश्य पंचायत के महामंत्री नितिन सरावगी ने कहा आज डॉक्टर संदीप और संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से हमें यह अवसर मिला आज हम सभी ने चारों सदस्यों का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। हम सभी चारों सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

# कोतवाल ने जमीन पर बैठकर सुनी वृद्ध महिला की समस्या, क्षेत्र में हो रही प्रशंसा

वेलकम इंडिया



**कांधला।** फुरकान जंग थाना क्षेत्र की एक वृद्ध महिला थाने पर अपनी समस्या लेकर पहुंची और थाना प्रांगण में जमीन पर बैठ गई। अपने कार्यालय में बैठकर कार्य कर रहे थाना प्रभारी निरीक्षक ने जब वृद्ध महिला को जमीन पर बैठा देखा तो थाना प्रभारी निरीक्षक ने उक्त महिला के बराबर में बैठकर समस्या को सुनकर उसका निस्तारण कराया थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की क्षेत्र भर में प्रशंसा हो रही है। थाना क्षेत्र निवासी एक वृद्ध महिला शिकायती पत्र लेकर थाने पर पहुंची, महिला वृद्ध होने के कारण थक कर थाना प्रांगण में जमीन पर बैठ गई थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपने कार्यालय में बैठकर विभागीय कार्य कर रहे थे तभी उनकी नजर अचानक से वृद्ध महिला पर पड़ी। वह अपने कार्यालय से बाहर निकले और वृद्ध महिला के पास पहुंचकर उनके साथ जमीन पर बैठ गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने शिकायत लेकर पहुंची महिला से समस्या की जानकारी की तो महिला ने बताया कि उसके बच्चों ने उसके साथ मारपीट की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने वृद्ध महिला को खाना खिलाया और उसके परिजनों को थाने बुलाकर भविष्य में झगड़ा ना करने की सख्त हिदायत दी। वृद्ध महिला के परिजन भविष्य में झगड़ा ना करने की कसम खाकर महिला को अपने साथ ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की क्षेत्र भर में प्रशंसा हो रही है। जानकारी के अनुसार कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार वर्ष 2012 में सब इंस्पेक्टर पद पर भर्ती हुए थे और वर्ष 2022 में पदोन्नति पाकर निरीक्षक बने। वह अपने कार्य शैली और मधुर व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने जब से थाने का चार्ज संभाला है तब से दर्जनों अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है प्राथमिकता के आधार पर जनता का कार्य करना उनका पहला कर्तव्य है। अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना और अपराध को रोकना उनका मकसद है।

# पुलिस ने पशु क्रूरता में तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**सिकन्द्राराऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के पर्यवेक्षण में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा रात्रि चैकिंग-गस्त के दौरान मोहल्ला नौरंगाबाद पश्चिमी कस्बा से तीन प्रतिबंधित मांस तस्करों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। मौके से, कटान के उपकरण जैसे दो अवैध चाकू, पांच अवैध सूजा व दो अवैध रस्सी के टुकडे, तीन कुल्हाडी व तीन अवैध छुरा बरामद हुये है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता नाजिम पुत्र रहीसुद्दीन और कासिम पुत्र हासिम और कदीर पुत्र खचेर पहलवान नि0 मौहल्ला नौरगांवाद पश्चिम कस्वा व थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# डॉक्टर राकेश वर्मा का विद्यालय में हुआ जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** क्षेत्र के कन्या जूनियर हाईस्कूल तार का मंझरा से स्वेच्छिक स्थानांतरण के आधार पर कम्पोजिट विद्यालय कन्या टाण्डा में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने वाले डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा का गुरुवार को विद्यालय स्टाफ ने फूलों का गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। डॉ. वर्मा ने सभी का दिल से आभार जताया। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने कहा कि डॉक्टर राकेश वर्मा इससे पहले भी इस विद्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने 2019 तक यहां रहकर पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इसके बाद तार का मंझरा में प्रधानाध्यापक के रूप में उन्होंने स्कूल का शैक्षिक स्तर ऊंचा उठाया और परिसर को सुंदर व आकर्षक बनाया। डॉक्टर राजवीर ने उम्मीद जताई कि राकेश वर्मा अपने अनुभव और बेहतर व्यवहार के साथ कन्या टाण्डा विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। डॉ. राकेश वर्मा ने कहा, कि विद्यालय का स्टाफ मेरे लिए परिवार जैसा है। हम सभी मिलकर विभागीय निर्देशों का पालन करते हुए स्कूल को प्रगति के पथ पर ले जाएंगे। मैं अपने कर्तव्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभाऊंगा। इस मौके पर नफासत अली, अजीजुल हसन, राजीव कुमार, सर्वेश कुमार, विवेक कुमार, प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी शर्मा, ऊषा रानी, मंजू रानी, रेशमा बी और कुमारी तबस्सुम उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने एमएलसी को दिया ज्ञापन, निस्तारण की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला।** गुरुवार को प्रदेश संगठन के आह्वान पर विद्यालय पेयरिंग एवं प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित करने की दमनकारी नीति के विरोध में ब्रिजेश शर्मा जिला संयोजक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिक्षक महासंघ के नेतृत्व में वीरेंद्र सिंह सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया। वीरेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि इस विषय में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से वार्ता कर समाधान कराया जायेगा। इस दौरान मुनेश भारद्वाज, कपिल, भूपेंद्र तोमर, अक्षय कुमार, बिजेंद्र चौहान, दीपक तोमर, संजीव मलिक, सिद्धराज सिंह चौहान, गुलाब सिंह चौहान, सुधीर कुमार चौहान, भूपेन्द्र शर्मा के साथ साथ रणवीर सिंह प्रधान एवं अनेक शिक्षा समिति के लोग मोजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया नामांकन केंद्र का स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशीष भटगांई और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के ने विकासखंड कार्यालय में बनाए गए नामांकन केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने चुनाव संबंधी सभी व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नामांकन पत्रों की बिक्री काउंटर, एआरओ और संबंधित कर्मचारियों की तैनाती, वितरण काउंटर, मतदाता सूची वितरण, मतदान दलों की रवानगी और वापसी स्थल, स्ट्रांग रूम, डिस्पैच स्थल और मतगणना केंद्र की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया समयबद्ध, व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में मतदाताओं और प्रत्याशियों को सहज और सुरक्षित अनुभव प्रदान किया जाए, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने नामांकन कक्षों में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी और अग्निशमन यंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, नामांकन फार्म के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज और शपथ पत्रों की गहनता से जांच की जाए ताकि बाद में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बीडी पांडे परिसर पहुंचकर स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा।

# पड़ोस के लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। मोहल्ला इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी महिला खुशनुदा पत्नी शमशेर ने बताया कि बुधवार की देर शाम उसके बच्चे गली में खेल रहे थे आरोप है कि तभी पड़ोस के एक व्यक्ति ने उसके बच्चों के साथ मारपीट कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने मिलकर पीड़िता के साथ भी मारपीट की और घायल कर दिया। घायल महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दूसरी और मोहल्ला शेखजादगान निवासी युवक सुंदर ने बताया कि वह गारमेंट्स की दुकान पर बैठा हुआ था आरोप है उसी मोहल्ले के दो युवकों ने पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए फरार हो गए पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है।

# अंतिम सांस तक प्रेमी के साथ रह रही पत्नी को चाकूओं से गोदता रहा पति, हत्या, प्रेमी घायल

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**सहपऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला कली में एक दिल-दहला देने वाली घटना लोगों को झकझोर कर रख दिया। एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी, हमले में प्रेमी भी घायल हो गया? महिला इन दिनों अपने प्रेमी के साथ गांव में रह रही थी। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कासगंज जिले की गांव नसरतपुर की आदित्य पुत्र रामपाल की शादी अलीगढ़ के नुमाइश ग्राउंड के पास रहने वाले राजू की बेटी गौरी के साथ करीब 3 साल पहले हुई थी। कुछ महीने पहले गौरी के प्रेम संबंध आदित्य के मामा के बेटे करन के साथ हो गए। वह कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव हसनपुर बारू का रहने वाला था। वह 26 जून से करन के साथ इन दिनों



अपने मौसा रंजीत कुमार के घर सहपऊ के गांव नगला कली में रह रही थी। गुरुवार की दोपहर गौरी का पति आदित्य दो बाइकों पर अपने चार साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसे अपनी पत्नी को बेवफाई का भूत सवार था। वहां उसने करन के मौसा रंजीत कुमार के घर पंहुच गया। और घर के बाहर अपनी पत्नी गौरी (23 साल) की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी। उसने करन पर भी हमला बोल दिया, इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल करन को इलाज के लिए सहपऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पत्नी की बे रहमी से हत्या करके आरोपी पति मौके से फरार हो गया। इस दर्दनाक घटना ने आसपास के समूचे क्षेत्र में संसनी फैला दी। लोग घटना को सुनकर सोचने को मजबूर हो गए। वहीं इनका एक साथी मौके से भाग नहीं पाया। उसे लोगों ने पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। अमन नाम के इस युवक को सहपऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक इलाज देने के बाद आगरा रेफर कर दिया गया। एएसपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गांव नगला कली में एक पति ने अपनी पत्नी के हत्या कर दी। पत्नी अपनी प्रेमी के साथ इस गांव में रह रही थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना सहपऊ क्षेत्र के ग्राम नगला कली मे एक महिला जो कि अपने प्रेमी के साथ रह रही थी, जिसकी उसके पति आदित्य द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी।

# पालीटेक्निक पुरातन छात्र समिति ने एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन को छात्रों की समस्याओं से संबंधित दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** पालीटेक्निक पुरातन छात्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रदोष निरंजन ने एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन को राजकीय पालीटेक्निक कालेज के छात्रों की दो अत्यंत महत्वपूर्ण समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। जिनसे छात्र-छात्राओं की शारीरिक व मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जैसे कि कॉलेज परिसर में पीने योग्य जल की भारी किल्लत है। टंकी में समय पर पानी नहीं आता तथा नलों से या तो गंदा पानी आता है या बिल्कुल भी नहीं आता है। इससे छात्र-छात्राएं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कॉलेज के पास एक बड़ा मैदान है, जो कॉलेज भवन के पास ही स्थित है, लेकिन वह कॉलेज के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इस कारण हम खेल गतिविधियाँ नियमित रूप से नहीं कर पाते। कॉलेज में कोई अन्य उपयुक्त स्थान भी उपलब्ध नहीं है, जिससे खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ पूरी तरह बाधित हैं।

उन्होंने अनुरोध किया कि उपरोक्त दोनों समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करें ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने पानी की समस्या को लेकर तत्काल कालेज में वाटर कूलर लगवाने व खेल के मैदान की समस्या को लेकर संबंधित विभाग को आदेशित किया साथ में संघ के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित निरंजन, संघ के महानगर अध्यक्ष आलोक पटेल व समाजसेवी पीतांबर पटेल सहित आदि उपस्थित रहें।

# हाथरस में कावंडियों की सुरक्षा को हर प्वांइट पर होगी पुलिस तैनाती

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास/कांवड यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत कांवडियों के मुख्य रुट मार्ग अलीगढ-आगरा बाइपास, हनुमान जी चौकी, सासनी चौराहा, रुहेरी तिराहा, चंदपा, बिसाना, कस्बा सादाबाद आदि स्थानों का भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण के दौरान कावडियों के आने-जाने वाले रुट का भ्रमण किया गया तथा रुट में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध करने हेतु व उन्हें सतर्कता के ड्यूटी करने तथा अलीगढ-आगरा बाइपास पर हनुमान जी चौकी पर कांवड़ियों के आने-जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु चौबीस घंटे आवश्यकतानुसार पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए गये।तथा कावडियों को सामूहिक रूप से जत्थों में रवाना करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा बताया गया कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों को सेक्टरो में विभाजित किया जायेगा, जिसमें पर्याप्त पुलिस व प्रशासन अधिकारी/कर्मचारीगणो की ड्यूटी लगायी जायेगी। तथा आने-जाने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिये जगह जगह कैम्प बनाये जायेगे। कैम्पों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पानी, स्वअल्पाहार आदि की व्यवस्था की जायेगी।

# विकासखंड और राजस्व विभाग के अधिकारियों पर प्रस्ताव रोकने का आरोप

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक ग्रामीण ने विकासखंड के सचिव एवं राजस्व विभाग की टीम पर खुली बैठक में दो गांव को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए हुए प्रस्ताव को जानबूझकर रोकने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार एवं विभागीय मंत्रियों सहित जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग करते हुए खुली बैठक में पास हुए प्रस्ताव को जांच कर निस्तारण की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सरवर अंसारी ने बृहस्पतिवार को, प्रदेश सरकार, पंचायती राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास राज्य मंत्रालय, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित आदि कई स्थानों पर पत्र भेजते हुए बताया कि गंगेरू ग्राम पंचायत में बीस हजार से अधिक वोटो की ग्राम पंचायत है।

# मोदीपुरम में नमो भारत के डिपो पर तीव्र गति से जारी कार्य, मेट्रो स्टेशन भी हो रहा तैयार

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ के मोदीपुरम में नमो भारत के निर्माणाधीन दूसरे डिपो पर सिविल कार्य तीव्र गति से जारी है। मोदीपुरम में कृषि विश्वविद्यालय कैंपस के पास नमो भारत के इस दूसरे डिपो का निर्माण हो रहा है। नमो भारत डिपो के पास एनसीआरटीसी मेरठ मेट्रो स्टेशन भी बना रहा है, जिससे आसपास के इलाकों जैसे पावली खास, दौराला, सकौती और पावरसा गांव में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।



दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का एक डिपो फिलहाल दुहाई (गाजियाबाद) में संचालित है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनों का संचालन और रखरखाव दुहाई स्थित इसी डिपो से किया जा रहा है। जल्द ही दिल्ली-मेरठ के संपूर्ण कॉरिडोर पर संचालन शुरू होने के बाद दूसरे डिपो की आवश्यकता बढ़ जाएगी। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए मोदीपुरम में दूसरे डिपो को निर्माण हो रहा है। डिपो के साथ-साथ बन रहा मेट्रो स्टेशन अपने आकार में आ चुका है। इसकी छत का काम तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही यहां डिपो संचालन केंद्र (डीसीसी) भी तैयार किया जाएगा। डिपो के अंदर ट्रेनों की आवाजाही, संचालन व नियंत्रण आदि कार्यों के लिए डीसीसी बनाया जाता है। मोदीपुरम में इसी डिपो पर ट्रेन वर्कशॉप भी तैयार की जा रही है, जहां पर नमो भारत और मेरठ मेट्रो ट्रेनों का रखरखाव किया जाएगा। डिपो के पास स्टैबलिंग लाइनें भी बिछाई जा रही हैं। इसके साथ ही 1.2 किलोमीटर लंबा टेस्ट ट्रैक भी होगा, जिस पर ट्रेनों की टेस्टिंग होगी। डिपो में स्वदेश में निर्मित मशीनरी और उपकरणों का प्रयोग होगा जो कि पहले से ही नमो भारत के संचालन में होता आ रहा है। डिपो स्क्रैप यार्ड और अन्य कार्यालय भी तैयार किए जाएंगे जैसे निरीक्षण वर्कशॉप (आईडब्ल्यूएस), परमानेंट-वे ऑफिस (रेल ट्रैक जांच के लिए) आदि। ट्रेन संचालन की जांच के लिए 4 निरीक्षण बे-लाइन (आईबीएल) और 4 वर्कशॉप लाइन होंगी। इसके अलावा मोदीपुरम स्थित डिपो में स्टेबलिंग लाइन का निर्माण भी किया जाएगा, जिनपर नमो भारत और मेरठ मेट्रो की कुल 34 ट्रेन खड़ी हो सकेंगी। आईबीएल लाइनें ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए बनाई जाती हैं जबकि स्टैबलिंग लाइनों का प्रयोग ट्रेनों को खड़ा करने के लिए किया जाता है। वर्कशॉप लाइनों पर ट्रेनों के रखरखाव और तकनीकी खराबियों को दुरुस्त किया जाता है। हैवी इंटरनल क्लीनिंग लाइन पर ट्रेनों के भीतर की सफाई की जाती है। आईबीएल लाइनों पर ट्रेन की स्टैटिक और डायनामिक दो तरह की टेस्टिंग की जाती है। इस टेस्टिंग के बाद ट्रेन को मेन लाइन पर चलाने की प्रक्रिया आरंभ होती है। ट्रेनों की साफ-सफाई और धुलाई के लिए ऑटोकोच वॉशिंग प्लांट भी डिपो पर बनाया जाएगा। ऐसा वॉशिंग प्लांट फिलहाल दुहाई स्थित डिपो में संचालित है, जहां नमो भारत ट्रेनों की साफ-सफाई व धुलाई की जाती है। अत्यधिक साफ-सफाई के लिए हैवी-क्लीनिंग शेड लाइन (एक) बनाई जाएगी, जहां नियमित अंतराल पर ट्रेनों की धुलाई और सफाई होती है। मोदीपुरम स्थित डिपो के साथ यहां मेरठ मेट्रो का स्टेशन भी तैयार किया जा रहा है। ये एट-ग्रेड स्टेशन है, जिसके लिए दो एंट्री-एग्जिट बनाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, यूनिवर्सिटी की तरफ से स्टेशन पर आने-जाने के लिए एक फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी किया जा रहा है। मेरठ में मेट्रो के लिए कुल 13 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। एक अनूठी पहल के तहत मेरठ मेट्रो का संचालन नमो भारत के बुनियादी ढांचे पर ही किया जाएगा, जो देश में पहली बार है। मेट्रो के लिए मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैंसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो स्टेशन हैं। इनमें से मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन से मेट्रो के अलावा नमो भारत ट्रेन की सुविधा भी यात्रियों को मिलेगी।

# मुड़िया मेला में श्रद्धालुओं से करें शालीनता का व्यवहार: एसएसपी श्लोक कुमार

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** मुड़िया मेला आज से शुरू हो जाएगा, परिक्रमा मार्ग पर देर रात से श्रद्धालु भक्तों की मानव श्रखला दिखाई देगी। मुड़िया मेला में श्रद्धालु भक्तों की सुरक्षा में 2 हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। 9 सुपर जोन 22 सेक्टरों में मेला को विभाजित किया गया है। परिक्रमा मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को शालीनता से पेशाने के निर्देश एसएसपी द्वारा दिए गए....

गुरुवार को एसएसपी श्लोक कुमार ने एक गेस्ट हाउस के सभागार कक्ष में मुड़िया मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को ब्रीफ किया, एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि मेला में दो करोड़ से अधिक श्रद्धालु भक्त गिरिराज परिक्रमा के लिए आएंगे। इस दौरान पुलिस कर्मी श्रद्धालु भक्तों से मधुर और शालीनता से व्यवहार करें, जिससे श्रद्धालु बेहतर संदेश लेकर जाएं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने नक्शे पर लेजर लाइट से व्यवस्थाएं समझाई।

ये रहेंगी व्यवस्थाएं.....

बॉक्सः

सुपर जोन = 9

जोन = 21

62 सेक्टर, 146 बैरियर, 61 पार्किंग, 31 वाच टावर, 37 अस्थाई पुलिस चौकी, 54 गिरिराज मोबाईल, 5 खोया पाया केंद्र, 6 हेल्थ मोबाईल,

9 एएसपी, 19 सीओ, 86इंस्पेक्टर, 483 उपनिरीक्षक, 47 महिला उपनिरीक्षक, 1525 हेडकास्टेवल, 174महिला सिपाही 1एलआईयू निरिक्षक, 6 एलआईयू उपनिरीक्षक, 28 एलआई यू हेड कासटेवल, 2 प्लाटून पीएसी, दो कम्पनी फ्लेट पीएसी, एक कम्पनी आरएएफ, 1 टीम एसडीआरएफ, 400 होमगार्ड

# चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान से लाखों के गहनें व नगदी लेकर फरार



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बिजौरा चौराहे स्थित रितिक ज्वेलर्स से जुड़ा है, जहां बीती रात छत के रास्ते घुसे चोर करीब तीन लाख का माल लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक रामानंद सोनी को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह उस समय हुई, जब वह बाथरूम के लिए उठे। उन्होंने पाया कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है। परिवार को आवाज देकर दरवाजा खुलवाया गया, तब जाकर चोरी का खुलासा हुआ। रामानंद के अनुसार, जब घरवाले जागे और जांच की तो छत पर लगे लोहे के फाटक का कुंडा टूटा मिला। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और तिजोरी व कपाट के ताले तोड़े गए थे। तिजोरी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और कपाट में रखे पत्नी के लगभग डेढ़ लाख के जेवरात गायब थे। इसके बाद सीओ डुमरियागंज ब्रजेश वर्मा के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की गहन जांच की और साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# तेंदुए ने सियार को बनाया निवाला: ग्रामीणों मे भय का महौल

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** परवानी नगर में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। सुबह 4 बजे स्थानीय निवासी अमजद अली ने तेंदुए को सियार को पकड़कर ले जाते देखा। गांव के पूर्वी बाग में सियार का अधखाया शव मिला। ग्रामीण शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे हैं। वे खेतों में काम करने से भी बच रहे हैं। रात में ग्रामीण पटाखे फोड़कर और मशालें जलाकर अपनी सुरक्षा स्वयं कर रहे हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया है। वन दरोगा निखिल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ड्रोन कैमरे से बाग, झाड़ी और कब्रिस्तान की निगरानी की। तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। वन विभाग क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। मोहाना थाना क्षेत्र के रामभारी में भी तेंदुए को देखा गया था। इस तरह यह दूसरी घटना है। दोनों गांवों में तेंदुए की उपस्थिति से आसपास के क्षेत्र के लोग सतर्क हो गए हैं।

# सड़क हादसे में तेज रफ्तार कैंटर ट्रक की चपेट में आकर चार बच्चों सहित पांच की मौत

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/थाना हाफिजपुर क्षेत्र में बुधवार की देर रात्रि पड़ाव गांव के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू केंटर ट्रक से कुचलकर बाइक सवार चार बच्चों सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।एसपी, एडिशनल एसपी, ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार कैंटर चालक की तलाश जारी है। आपको बता दें कि हापुड़ नगर कोतवाली के मोहल्ला मजीदपुरा निवासी दानिश 36 वर्ष अपनी दो बेटी मायहिरा 6 वर्ष समायरा 5 वर्ष भतीजा समर 8 वर्ष पड़ोसी की बेटी माहिरा 8 वर्ष के साथ मुर्शदपुर स्थित स्विमिंग पूल में नहाकर बाइक से वापस हापुड़ आ रहे थे। जैसे ही



मृतकों के फाइल फोटो

हाफिजपुर थाना क्षेत्र के पड़ाव गांव बुलंदशहर रोड पर पहुंचे। तभी एक तेज रफ्तार बेकाबू कैंटर ट्रक ने बाइक सवारो को बुरी तरह से कुचल दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को आनन-फानन में देवनदी अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने पांचो लोगों को को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कैंटर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।दर्दनाक सड़क हादसे में बच्चों सहित पांच बाइक स्वरों की हुई मौत नम आंखों के साथ किया सुपुर्द-ए खाक *पांचो मृतकों के शव पोस्टमार्टम के उपरांत जैसे ही मोहल्ला मजिदपुरा रफीक नगर में पहुंचे तो शौक की लहर दौड़ गई। वहां करुणा रुदन का मंजर दिल दहला देने वाला था। दानिश की पत्नी रेशमा अपने पति और बेटियों के शवों को देख बदहाल हो गई। पड़ोसियों एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। महिलाएं एक दूसरे को ढांढस बंधा रही थी। लेकिन मासूमों के शवों को देख सभी की आंखें नमः दिखाई दे रही थी।वहीं हापुड़ में हुए हृदय विदारक दर्दनाक सड़क हादसे को लेकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने इस दुख की घड़ी में पीड़ित स्वजनों के लिए दुखद संवेदना व्यक्त की है।

# इंडियन मीडिया काउंसिल को मिला नया अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** इंडियन मीडिया काउंसिल ने हाल ही राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत गोस्वामी को दी गई है। उन पर प्रदेश अध्यक्षों और राज्य इकाईयों की समीक्षा करने और उनकी नव-नियुक्ति करने की जिम्मेदारी होगी। साथ ही देश के जिन राज्यों में संस्था की इकाई गठित नहीं है, वहां उन पर जल्द इकाईयों के गठन करने की जिम्मेदारी भी होगी। रमाकांत गोस्वामी इससे पहले भारतीय प्रेस आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित रह चुके हैं तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे हैं। नियुक्ति के बाद रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि प्रेस की आजादी एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के साथ साथ डिजिटल माध्यम में कार्यरत पत्रकारों को भी एक मंच पर लाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही सभी राज्यों में पत्रकारों का एक्रिडेशन, डिजिटल मीडिया एवं यूट्यूब, न्यूज पोर्टल जर्नलिस्ट की समस्याएं दूर करने के लिए काम करेंगे। गोस्वामी ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से मांग की है कि पत्रकारों को आवास मार्केट रेट की पंद्रह प्रतिशत राशि पर दिए जाने चाहिए। सरकार आवास योजना में आवास के लिए ऐसे बैंक से अनुबंध करे जो पत्रकारों को सौ प्रतिशत फाइनेंस कर आवास उपलब्ध करवा सके। साथ ही इंडियन मीडिया काउंसिल संस्था के माध्यम से पत्रकारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए विशेष कार्य किये जाएंगे। गौरतलब है कि रमाकांत गोस्वामी इन दिनों सेटेलाइट चेनल हॉर्नबिल टीवी में राजस्थान संपादक की भूमिका में है। इसके साथ ही हिन्दी समाचार पत्र राजस्थान की राजनीति और टीएनआई आवाज में भी संपादक के रूप में कार्यरत है।

# डीएम एसपी के द्वारा ब्रजघाट एवं कावड़ मार्गों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद हापुड़ की जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम जिलाधिकारी अभिषेक पांडे एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र की तीर्थ नगरी बृजघाट एवं कावड़ मार्गों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। बता दें कि 11 जुलाई से प्रारंभ होने वाली आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर सुरक्षा की दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक पांडे एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा पुलिस बल के साथ जनपद अमरोहा बार्डर एवं थाना गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट क्षेत्रांतर्गत कावड़ यात्रा



निकलने वाले मार्गों का भ्रमण कर बैरिकेटिंग, लाईट्स, सीसीटीवी कैमरे और यातायात व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम अंकित वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गरीबों, जरुरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है- जुबेर अहमद शाह

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह ने सफियाबाद के राजस्व गांव बैरियहवा पहुंचकर आग से प्रभावित नजमा खातून/मोहम्मद राजा के घर पहुंचकर एक कुंटल 10 किलो गेहूं चावल देकर सहयोग किया है। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवार की हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों, जरुरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है। हमें गरीबों और जरुरतमंदों की अपनी हैसियत के मुताबिक मदद करनी चाहिए।



इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ खन्ना, फिरोज अहमद सलमानी, अब्दुल वाहिद मंसूरी, तनवीर शाह, मुसावर हुसैन शाह, आहाबुद्दीन मंसूरी, शमसुद्दीन मास्टर, शमीम अहमद सलमानी, अल्ताफ हुसैन सलमानी, इसरार अहमद शाह, रजब हुसैन शाह मौजूद रहे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाला जुलूस



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मथुरा के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जुलूस निकाला, जिसमें सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में सांप्रदायिकता, जातिवाद एवं समाज में बढ़ रही नफरत को रोकने की मांग की गई, देश प्रदेश में जब से भाजपा की डबल इंजन की सरकार आयी है तब से देश का आपसी तानाबाना खत्म हो गया है , राजनैतिक दबाव के चलते प्रशासन को कमजोर किया जा रहा है, इटावा बंकेबर थाना मे दादरपुर गांव के कथावाचकों के साथ घटी घटना इसी बात का सबूत है। देश व प्रदेश में घट रही ऐसी घटनाओं का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुरजोर विरोध करती है। इस मौके पर गफ्फार अब्बास, एडवोकेट राधा चौधरी, याकूब साहब, जब्बार, अब्बास एडवोकेट, रवि शर्मा एडवोकेट ,दिनेश शर्मा, रजनी शर्मा, राकेश बघेल एडवोकेट, राकेश यादव एडवोकेट, अमीर चन्द, दुर्गा प्रसाद, पदम सिंह, हेमलता तरकर, मास्टर वीरेंद्र सिंह, आसीन, भग्गो, रेबी, बबलू, नरेंद्र सिंह सिसोदिया एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ मंगरौरा ने अस्थायी गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी का किया निरीक्षण



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

दिनांक 03 जुलाई 2025 प्रतापगढ़। खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मलाक में स्थित अस्थायी गौशाला चन्द्रभानपुर एवं ग्राम पंचायत पूरबपट्टी में अस्थायी गौशाला पूरबपट्टी का निरीक्षण किया गया। अस्थायी गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी में गोवंश स्वस्थ्य पाये गये, गौशाला पर भूसा पर्याप्त मात्रा एवं चूनी चोकर व साइलेज आदि उपलब्ध पाये गये। गौशाला सचिव को गौशाला बरसात को देखते हुए सुरक्षा जाल के पास मिट्टी भरवाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे किचड़ न जमा हो एवं साफ-सफाई एवं पानी आदि की सुविधा को बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में लखनऊ की महापौर ने रखा सशक्त नगर निकायों और महिला नेतृत्व का पक्ष

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** हरियाणा के मानेसर स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स में गुरुवार से शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय अध्यक्ष सम्मेलन में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निकायों के सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व को लेकर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। इस आयोजन में देशभर के महापौर, पार्षद, जिला परिषद अध्यक्ष, नगर विकास अधिकारी और शहरी नियोजन विशेषज्ञ शामिल हुए। वहीं लखनऊ नगर निगम से पार्षद शैलेंद्र वर्मा और अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया। पहले दिन हुए सत्रः शहरी प्रशासन



लोकतंत्र और नवाचार पर केंद्रित सम्मेलन के पहले दिन यानी गुरुवार, 3 जुलाई को ₹शहरी विकास में स्थानीय निकायों की भूमिका₹, ₹लोकतंत्र को मजबूत करने में नगर निकायों का योगदान₹, और ₹शहरी प्रशासन में नवाचारों की आवश्यकता₹ जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष आदरणीय ओम बिरला, राज्यसभा उपसभापति आदरणीय हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, हरियाणा के नगर विकास मंत्री विपुल गोयल, समेत अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और नीति-निमार्ता मंच पर उपस्थित रहे। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने पहले दिन अपने संबोधन में नगर निगम की हालिया उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि कैसे शहर में 1200 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों से कूड़ा प्रबंधन, स्मार्ट टॉयलेट्स, डिजिटल टैक्स, ओपन जिम, वॉटर एटीएम और नागरिक सहभागिता ऐप्स जैसे नवाचार अपनाए गए हैं। महापौर ने 74वें संविधान संशोधन के पूर्ण क्रियान्वयन की मांग करते हुए कहा कि नगर निगमों को निर्णय लेने की स्वतंत्रता, वित्तीय अधिकार और प्रशासनिक संरचना में मजबूती देना आज की आवश्यकता है।

# तीन पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कपकोट।** कपकोट थाना पुलिस ने तीन पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट पुलिस चेकिंग पर थी। पुल बाजार रोड कपकोट से जगदीप शाही पुत्र सुमित शाही को तीन पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया है।एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा सभी थानाध्यक्षो और एसओजी को पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं।पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अब शराब पिलाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की सोच से गावों में इन दिनों शराब की तश्करी बढ़ने की सूचना सूत्रों से सुनाई दे रही है।

# एआई एक ऐसी तकनीक है जिसमें मानव जैसी समस्या समाधान क्षमताएं होती हैं:डॉ डी के मोदी

वेलकम इंडिया

मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में ए आई लैब का शुभारंभ किया गया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय के अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर ( डॉक्टर ) डीके मोदी द्वारा विद्यालय परिसर में आर्टिफिशियल लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर डीके मोदी ने सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के और नए-नए नवाचारों के माध्यम से इस इस विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि विगत लगभग दो वर्षों से प्रसिद्ध शिक्षाविद व विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर डीके मोदी का विद्यालय में



बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आर्टिफिशियल लैब का निर्माण व उसका कुशल संचालन का प्रयास के लिए उनका एक सपना था जो आज साकार हुआ। इस प्रकार की लैब माध्यमिक विद्यालयों में जनपद में सबसे पहली लैब है, जो विद्यालय के ही नहीं बल्कि जनपद के लिए बड़े हर्ष और गौरव की बात है।इस अवसर पर गिन्नी देवी मोदी महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ पूनम शर्मा, डॉक्टर सारिका, डॉ आकांक्षा,बी एड कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर एकता भारद्वाज, श्री मिश्रा विद्यालय के एनसीसी इंचार्ज प्रवीण जैनर,प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह,पीटीआई राजीव सिंह , हरप्रीत सिंह राहुल कुमार , आशीष कुमार, रवि कुमार आदि का सहयोग प्रशंसनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका डॉक्टर पूनम वशिष्ठ श्रीमती सीमा सिंह ने विद्यालय में आई सभी शिक्षिकाओं का पटका पहनाकर और प्रधानाचार्य जी ने मोमेंट देकर उनका स्वागत किया इस अवसर पर सभी ने 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चल रहे हैं वन महोत्सव के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधे भी आरोपित किय ।प्रधानाचार्य जी ने बताया कि प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय की सभी कक्षाओं में स्मार्ट कक्षाओं का संचालन भी किया जा रहा है विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर डीके मोदी के निर्देशन में आज यह विद्यालय जनपद में नहीं प्रदेश में अपना एक स्थान रखता है।

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में कई बिंदुओं पर किया गया विचार विमर्श

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। जिसमें सभासदो के साथ कई बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ ।पालिका परिषद के सभागार में बृहस्पतिवार को हुई बोर्ड बैठक सात एजेण्डा बिन्दु पर चर्चा की गई। जिसमें कांवड़ यात्रा-2025 की व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में, दुकानों की नीलामी के सम्बन्ध में,नगर में पिंक शौचालयों के निर्माण हेतु जगह चिन्हित किये जाने के सम्बन्ध में, शमशान घाट के रख-रखाव के सम्बन्ध में,सभी खाली प्लॉटों पर गृहकर जलकर अधिरोपित न होने पर रजिस्ट्री न किये जाने के सम्बन्ध में, नई कॉलोनियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में, सीकरी खुर्द के खसरा सं० 609 क, 609 ख ( नाला ) की भूमि पर डाली गई अवैध पुलिया को तुड़वाए जाने पर विचार विचार-



विमर्श किया गया। बोर्ड बैठक में पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा, अमरीश कुमार, अंकित चौधरी, अंकित गोयल एवं सभासद गण उपस्थित रहे।

## रिफाइनरी नगर में भगवान जगन्नाथ की लीलाओं का किया मंचन




वेलकम इंडिया

मथुरा। कान्हा की नगरी अंतर्गत मथुरा रिफाइनरी नगर में बुधवार की शाम उड़िया समाज मथुरा रिफाइनरी द्वारा कम्युनिटी सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान जगन्नाथ की लीलाओं का मंचन किया गया, जिसमें मथुरा रिफाइनरी नगर वासियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल व वृन्दा क्लब की अध्यक्ष छवि अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भगवान जगन्नाथ की लीला मंचन देखकर नगर वासी काफी उत्साहित दिखे, जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ मथुरा रिफाइनरी नगर का कम्युनिटी सेंटर गुंजायमान हो गया। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित आईओसीयंस व एमआरियंस ने विभिन्न-विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रतिभा को देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने कहा कि सभी नगरवासियों द्वारा बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई हैं।इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी नगरवासियों को बढ-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे नगरवासियों की प्रतिभाओं को निखारा जा सके। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## मांट दस्तावेज लेखक संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन ,अजय शर्मा बने अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

मथुरा/मांट। गुरुवार को मांट तहसील में कार्यरत दस्तावेज लेखक संघ की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अजय शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। बैठक शाम चार बजे शर्मा भवन पर आयोजित हुई जिसमें सभी दस्तावेज लेखक मौजूद रहे। अध्यक्ष पद के लिए चौधरी रामेश्वर द्वारा अजय शर्मा के नाम की घोषणा की गई जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने इसका समर्थन किया और ताली बजाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि में अपने संगठन के लिए हर समय तैयार रहूंगा और जो भी समस्या होगी उसका निस्तारण करने के प्रयास करूंगा उन्होंने कहा कि आज में सभी महानुभाव का शुक्रगुजार हूं और संगठन के लिए जो भी होगा में ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। मीडिया प्रभारी गोपाल नारायण अग्रवाल ने बताया दस्तावेज लेखकों की काफी समय से मीटिंग हो रही थी लेकिन निर्णय नहीं हो पा रहा था, अब कार्यकारिणी गठित हो चुकी है जो भी परेशानी होगी उसका बैठकर समाधान किया जाएगा। बैठक में नियुक्त किए गए पदाधिकारियों में अजय शर्मा अध्यक्ष , अयूब खान उपाध्यक्ष , विजय पाल सिंह उपाध्यक्ष , बंटी कुमार सचिव ,विनोद कुमार संयुक्त सचिव , संजीव भरद्वाज ऑडिटर , कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल , सहकोषध्यक्ष श्रीनिवास बघेल , मीडिया प्रभारी गोपाल नारायण अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी अनवर खान , इसके अलावा संरक्षक भी चुने गए। सभी पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर विनोद राघव, रमेश चंद, श्याम सुंदर शर्मा , उमाशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप

त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है ।शिकायत के अनुसार, गांव का 40 वर्षीय व्यक्ति एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर अपनी दुकान पर ले गया। आरोपी ने दुकान का सटर बंद कर लड़की के साथ दुष्कर्म किया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। गुरुवार को थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कस्बा निवाड़ी में हाउस टैक्स में वृद्धि की गई तो किया जाएगा आंदोलनः सत्येंद्र त्यागी

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। नगर पंचायत निवाड़ी पर हाउस टैक्स के विरोध में पुरानी टंकी के सामने एक पंचायत की गई ।जिसमें कस्बा वासियों ने कहा कि अगर हाउस टैक्स में वृद्धि की गई तो नगर पंचायत निवाड़ी के सभासद, किसान ,मजदूर, व्यापारी मिलकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने कहा कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दफ्तर पर न बैठने से कस्बा वासियो में बड़ा रोष है। पंचायत में कस्बा निवाड़ी के व्यापारी किसान व मजदूर वह सभासद ने पंचायत में भाग लिया। उन्होंने कहा कि अगर हाउस बढ़ाया गया तो कस्बे के सभासद गण व्यापारी किसान मजदूर मिलकर जल्द से जल्द विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। पंचायत में भारतीय किसान



यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी,कोऑपरेटिव सोसाइटी के वाइस चेयरमैन आदित्य त्यागी,युवा नेता अंकित त्यागी,सभासद राजकुमार त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद विकास त्यागी, सभासद नितिन बंसल, सभासद जगदीश कुमार, सभासद कादर खान जयकुमार फौजी, सचिन त्यागी,जय भगवान फौजी,पूर्व सभासद अवनीश त्यागी, व्यापारी नेता कपिल गर्ग,मनीष त्यागी,प्रदीप गोयल, सतीश त्यागी, पूर्व सभासद नरेश त्यागी, अमित गिरी, देवांश त्यागी, मदनलाल फौजी, निक्कू त्यागी, सुबोध त्यागी, बिट्टू त्यागी,राज प्रकाश त्यागी, गोलू त्यागी,बॉबी त्यागी, राहुल सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# अंश त्रुटि सुधार के लिए सात व आठ जुलाई को तहसील में लगेगा कैंप

वेलकम इंडिया




मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। तहसील मोदीनगर क्षेत्रान्तर्गत अंश त्रुटि सुधार की प्राप्त हो रही अत्यधिक शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में 7 व 8 जुलाई को तहसील मोदीनगर में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी ने बताया कि 7 व 8 जुलाई को तहसील मोदीनगर में लगने जा रहे कैम्प में कृषक अपने अंश सही कराये जाने हेतु ऑन लाईन आवेदन करा सकता है। जिसका प्राथमिकता पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त कैम्प तहसील मोदीनगर सभागार कक्ष में लगाया जायेगा।

# नाबालिक को ब्लैकमेल कर घर के गहने लेने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

मोदीनगर। नाबालिग को ब्लैकमेल कर व डरा धमकाकर उसके घर के गहने लेने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनकी निशान देही पर गहने व नगदी बरामद की है।

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 2 जुलाई को गोविन्द कुमार शर्मा निवासी वार्डर लाईन साई मन्दिर के पीछे कपडा मिल ने थाना मोदीनगर पर सूचना अंकित कराई कि आरोपी दिवयम निवासी गांव फजलगढ थाना भोजपुर, शैलेश उर्फ मोनू निवासी भोजपुर थाना भोजपुर व अरनव निवासी आलोक पार्क मोदीनगर द्वारा उसके भतीजे 14 वर्ष को आई फोन का लालच देकर



बहला फुसलाकर घर से चार सोने के कंगन लेना व जान से मारने की धमकी देना व डरा धमका कर अन्य करीब 12 तोले सोने के आभूषण अगूँठी, झुमके आदि की रगंदारी कर लेने की तहरीर दी गई। गुरुवार को को पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी शलेश उर्फ मोनू उर्फ मन्नू निवासी भोजपुर, दिव्यम निवासी ग्राम फजलगढ थाना भोजपुर को हापुड रोड से गढी गदाना जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर गहने व नगदी बरामद की है। घटना मे संलिप्त अरनव और अभिषेक की शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी ।प्रेस वार्ता में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# नींव द स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। विषय -नींव द स्कूल मे छात्र -छात्राओं द्वारा पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण नींव द स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । इस आयोजन के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक अमित अग्रवाल डायरेक्टर जनरल अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा भी उपस्थित रहे ।वृक्षारोपण के बाद प्रबंधक अमित अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हमारे जीवन में वृक्षों का महत्व भी समझायो उन्होंने बताया कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं,



वायु को शुद्ध करते हैं, जलवायु को नियंत्रित करते हैं, और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, पेड़ फल, फूल और लकड़ी जैसे कई उपयोगी उत्पाद भी प्रदान करते हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण के पश्चात अंत में पेड़-पौधे हैं अनमोल, इनकी रक्षा करना है हम सबका बोल जैसे नारे लगाएं ।

# मिजार्पुर विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिनेश कुमार गोयल सभापति ने दिशा निर्देश दिए

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)। मिजार्पुर जिला पंचायत सभागार में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर मिजार्पुर एवं सोनभद्र जिलें की विद्युत से सम्बन्धी समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने मीटिंग में कहा कि जब विद्युत विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना या अन्य कोई




महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती है तो उसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, डॉ रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रविशंकर पप्पू भैया सदस्यगण विधान परिषद, रत्नाकर मिश्रा विधायक मिजार्पुर व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने से मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार

हापुड़/हापुड़ विकास खंड के अंतर्गत आने वाले गांव गोयना में स्थित प्राथमिक विद्यालय का मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा औचक निरीक्षण करने से मचा हड़कंप। बता दें कि सरकार पर सर्व शिक्षा अभियान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा हापुड़ ब्लॉक के गांव गोयना में स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया गया। स्कूली नौनिहाल बच्चों से पढ़ाई से संबंधित जानकारी हासिल करने पर अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने को लेकर दिए सख्त दिशा निर्देश।

# जीडीए उपाध्यक्ष ने रोड के निर्माण में गति लाने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बंधा रोड को नूरनगर से जोडने वाली 18 और 24 मीटर रोड के निर्माण कार्यो का गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष ने रोड के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोड के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निश्चित तौर से राजनगर एक्सटेंसन और आस-पास के एरिया के लोगों को बेहतर यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि दोनों रोड की भूमि के क्रय व निर्माण पर 42 करोड़ की लागत आएगी। इन रोड के निर्माण कार्य की शुरूआत क्षेत्र के किसानों की सहमति प्राप्त होने के बाद हो सकी है। इस दौरान अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राधिकरण उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि बरसात से पूर्व मिटटी भराई एवं संघनन का कार्य किया जा रहा है, ताकि बाद में पक्की रोड का निर्माण कार्य सुचारू हो सकें। इस परियोजना पर कुल 42 करोड रूपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें से लगभग 32 करोड रूपए का भुगतान किसानों को प्रतिकर के रूप में किया जाएगा। इन सडकों में 18 मीटर चौडी रोड की लंबाई लगभग 750 मीटर तथा 24 मीटर चौडी सडक की लंबाई लगभग 350 मीटर होगी। उल्लेखनीय है कि यह एक ऐसा गांव है जहां 100 प्रतिशत किसानों ने अपनी भूमि सडक निर्माण के लिए स्वेच्छा से देने पर सहमति जताई है। हाल ही में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसानो से भूमि क्रय सर्किल रेट के दुगने मूल्य पर सहमति के आधार पर किया जा रहा है। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि सड़क के नामकरण हेतु जनता से सुझाव भी आमंत्रित किये जाए।

## विश्व हिन्दू परिषद का प्रतिनिधिमंडल खुले में नमाज पढ़ने के खिलाफ सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर से मिला



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल गाजियाबाद का प्रतिनिधिमंडल आज डी. एम कार्यालय के परिसर में स्थित पार्क में मुस्लिमों द्वारा खुले में नमाज पढ़ने के खिलाफ सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर से मिला, विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि विहिप डीएम परिसर पार्क में खुले में नमाज अदा करने का पुरजोर विरोध करता है, अगर यहां नमाज पढ़ना बंद नहीं हुआ तो बजरंग दल के कार्यकर्ता भी कल इसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।सार्वजनिक स्थलों पर जबरन नमाज पढ़ने पर मनाई है तो यह लोग कैसे डीएम परिसर में नमाज पढ़ सकते हैं, जिला प्रशासन कहां सोया है, या फिर यह सब कार्य जिला प्रशासन के अनुमति से हो रहा है, विश्व हिंदू परिषद गाजियाबाद इस प्रकरण का खुला विरोध करता है, इस दौरान उपस्थित रहे विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया, महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख अश्विनी शर्मा, बजरंग दल महानगर संयोजक प्रबल गुप्ता, राजनगर एक्सटेंशन के अध्यक्ष निखिल त्यागी, अमित चौधरी साथ रहे !

## पासपोर्ट की वैधता अनिवार्य, हस्तलिखित पासपोर्ट होंगे अमान्य

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हज-2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने जानकारी दी कि हज-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया जुलाई 2025 में शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सभी इच्छुक आवेदकों को पालन करना आवश्यक है। हज-2026 के लिए केवल मशीन रीडेबल पासपोर्ट ही मान्य होंगे। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होंगे, इसलिए जिनके पास अभी भी पुराने हस्तलिखित पासपोर्ट हैं, उन्हें तत्काल नया पासपोर्ट बनवाना होगा। हज आवेदन के लिए पासपोर्ट की न्यूनतम वैधता 31 दिसंबर, 2026 तक अनिवार्य है। ऐसे आवेदक जिनका पासपोर्ट इससे पहले समाप्त हो रहा है, उन्हें नया पासपोर्ट जल्द बनवाने की सलाह दी गई है। नये पासपोर्ट बनवाते समय आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सरनेम / लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ा जाए, क्योंकि यह नुसुक पोर्टल की प्राथमिक शर्तों में शामिल है। इससे आवेदन में तकनीकी अड़चनों से बचा जा सकेगा।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों के पास पहले से 31 दिसंबर 2026 तक वैध मशीन पठित पासपोर्ट है, वे हज-2026 के लिए आवेदन हेतु तैयार हैं। वहीं जिनके पास वैध पासपोर्ट नहीं है, वे तत्काल पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन कर पासपोर्ट बनवा लें, ताकि जुलाई में जब ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो, तो उनके पास वैध दस्तावेज मौजूद हों।

## आजाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद के नेतृत्व में डीएम के द्वारा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आज आजाद समाज पार्टी काशीराम जिला व महानगर के नेतृत्व में जिला कार्यालय गाजियाबाद पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया जिलाधिकारी गाजियाबाद के द्वारा प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और बताया जो उत्तर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बंद करना है संविधान के अनुच्छेद 21 ए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद 46 कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा के प्रावधानों का उलंघन है जो सरकार द्वारा किया गया है और संविधान में अधिकार मिले हुए हैं गरीबों के बच्चों को सरकार के स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है इसलिए तत्काल स्कूल बंद करने के निर्णय को वापस लिए जाए और जनपद कौशांबी के थाना सैनी में 8 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए और जनपद प्रयागराज के इशोरट गांव थाना करछना में अनुसूचित जाति के व्यक्ति के जिंदा जलाकर मार देने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की और दिनांक 29 /6/25 को करछना में पीड़ित परिवार के आरोपियों तथा स्थानीय लोगों के साथ पुलिस के द्वारा पथराव लाठी चार्ज मोटरसाइकिलो को तोड़ना और जालना एवं इस प्रकरण में सुनील कुमार गौतम उम्र 25 वर्ष दलित युवक की मृत्यु हो जाने पर सभी घटनाओं की सीबीआई द्वारा निष्पद जांच कराई जाने की मांग की गई और पीड़ितो तो न्याय दिलाने की मांग की गई गांव इशोरट थाना करछना प्रयागराज में इस प्रकरण में पकड़े गए निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाने की मांग आजाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद ने अपने ज्ञापन पत्र के माध्यम से राज्यपाल को इन सब घटनाओं से अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की इस मोखे पर उपस्थित गण सतपाल चौधरी कोर कमेटी सदस्य पश्चिमी प्रदेश प्रभारी उ प, निजाम चौधरी पश्चिमी प्रभारी, तालिब चौधरी, मेरठ मंडल प्रभारी, शैलजा, जितेन्द्र सिद्धार्थ जिला प्रभारी, मोहित सूद वाल्मीकि महानगर अध्यक्ष ए एस पी गाजियाबाद, संजीव गौतम जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, एन डी खान महानगर अध्यक्ष भीम आर्मी पुष्पेंद्र जाटव , मनोज जाटव पूर्व जिलाध्यक्ष, अजय प्रधान, अंकित राठी, शिवा राठी, व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाकवि डॉ. कुँअर बेचैन की जयंती पर कवियों ने कविता, गीत, गजल और स्मृतियों के फूलों से रचा श्रद्धांजलि का गुलदस्ता



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन स्थित टू मीडिया स्टूडियो की गुरुवार की शाम साहित्यिक ऊर्जा और भावनात्मक गहराई से भर उठी। अवसर था महाकवि डॉ. कुँअर बेचैन की जयंती का, जिसे देवप्रभा प्रकाशन द्वारा आयोजित एक गरिमामयी कविता संगोष्ठी में समर्पित किया गया। यह आयोजन सिर्फ एक साहित्यिक संध्या नहीं थी, यह उस व्यक्तित्व को समर्पित श्रद्धा का उत्सव था, जिसने कविता को जनमानस की आत्मा से जोड़ा। इस अद्वितीय संगोष्ठी की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने की, जो विशेष रूप से गजरौला से पधारी थीं। मुख्य अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ा रहे थे नामचीन शायर अरविन्द असर, जो महान शायर कृष्ण बिहारी नूर के शिष्य रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि अनिल मीत, वरिष्ठ साहित्यकार बी.एल. बत्रा अमित्र और पत्रकारिता की दुनिया से ओम प्रकाश प्रजापति मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद सभी रचनाकारों को अंगवस्त्र, मोतियों की माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साहित्यिक प्रस्तुतियों का क्रम जब प्रारंभ हुआ, तो वातावरण में ऐसी ऊर्जा व्याप्त हुई जो श्रोताओं को लगातार अपनी ओर खींचती रही। हर कविता, हर गीत, हर $गजल में डॉ. कुँअर बेचैन की स्मृति जीवंत होती रही, मानो शब्दों की आत्मा स्वयं उपस्थित हो। डॉ. मधु चतुर्वेदी ने जब अपनी कविता में कहा कि उम्रभर हमने ऐसे कसाले जिये, तम निगलते रहे पर उजाले दिये तो पूरा सभागार मौन श्रद्धा से भर गया। अरविन्द असर की पंक्तियों मुझको अश्कों के समुन्दर से भिगोने लायक, कोई कांधा तो मिले फूट के रोने लायक... ने दिलों को भीतर तक भिगो दिया। अनिल मीत ने सामाजिक यथार्थ पर करारी चोट करते हुए कहा कि चुपके-चुपके सब कुछ सहना ठीक नहीं, मन ही मन में कुढ़ते रहना ठीक नहीं। वहीं दोहाकार डॉ. मनोज कामदेव का दोहा सूरज ने पाती लिखी, देख रात का रूप, खिड़की खुलते ही गिरी, एक लिफाफा धूप सुनते ही श्रोता वाह-वाह से गूंज उठे। शैलजा सक्सेना 'शैली' ने जब महाकवि की अमर रचना नदी बोली समंदर से मैं तेरे पास आई हूं... का पाठ किया, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वर्ग से खुद कविवर की आत्मा सुन रही हो। जगदीश मीणा की रचना मुझे याद आता है बचपन का सावन... और डॉ. सुरुचि सैनी की कविता कोयल कुहू कुहू से हर ड्योढ़ी गुंजाई है... ने बचपन और स्मृति की उन गलियों में ले जाकर खड़ा कर दिया, जहां से जीवन की सुगंध आती है।

## 11 दरोगाओं को नए दायित्व

**गाजियाबाद।** शहर की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की रणनीति के तहत डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया। उन्होंने 11 उपनिरीक्षकों (दारोगा/चौकी प्रभारी) के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस बदलाव को शहर में अपराध नियंत्रण, निगरानी और जनसंपर्क की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदग्राम थाना में तैनात विनीत कुमार चौधरी को अब प्रताप विहार चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं, डीसीपी सिटी के पीआरओ मानवेंद्र सिंह को हलका प्रभारी पुराना बस अड्डा की जिम्मेदारी दी गई है। सिहानीगेट थाना में तैनात कुलवंत को लोहिया नगर चौकी, कोतवाली में तैनात सत्येंद्र कुमार बघेल को कैला भ‌ा चौकी, तथा नंदग्राम थाना के विकास कुमार को लोहा मंडी चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### कांवड़ यात्रा 2025

## पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी की संयुक्त समीक्षा बैठक, 11 जुलाई से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने यात्रा की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ ने कहा कि पुलिस और प्रशासन मिलकर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि के समय हर वाहन चालक का एल्कोमीटर टेस्ट अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को यह भी हिदायत दी कि वे पूरे संयम और सकारात्मकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, और जब तक उनका स्थानापन्न अधिकारी नहीं पहुंचता, तब तक वे अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहें। सीपी ने कहा कि हर कांवडि? की सेवा, सुविधा और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि श्रद्धालुओं को कहीं भी असुविधा या खतरे की स्थिति न हो। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गम्भीर निर्देश जारी किए गए, जिनमें ट्रांसफार्मरों की कवरिंग, लटकी हुई विद्युत तारों को ऊंचा कराना, सीसीटीवी कैमरों की तैनाती और संवेदनशील स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था शामिल रही।

## पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, एक दिन में 1387 चालान

**साहिबाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बुधवार को ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना वाहन चालकों को भारी पड़ गया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटील के नेतृत्व में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस ने 41 जगहों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर कुल 3398 वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1387 वाहन चालकों का चालान किया गया। अभियान का उद्देश्य ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। पुलिस ने विशेष रूप से उन लोगों पर कार्रवाई की जो बिना हेलमेट चल रहे थे, दोपहिया पर तीन सवारी ले जा रहे थे, बिना नंबर प्लेट के वाहन चला रहे थे या फिर सड़क की गलत दिशा से आ रहे थे। इस व्यापक अभियान के माध्यम से पुलिस ने यह साफ कर दिया कि सड़क सुरक्षा को लेकर अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए भर्ती एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र के पावी सादकपुर स्थित एक निजी नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए भर्ती एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक की मां ने केंद्र संचालक और एक कर्मचारी पर मारपीट और जानलेवा लापरवाही का आरोप लगाते हुए गैर इरादतन हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी और मानवीय गरिमा से जुड़े गंभीर प्रश्न खड़े करती है। फरीदाबाद (हरियाणा) के सेक्टर-3 निवासी रेनू, जो स्वास्थ्य विभाग में बतौर नर्स कार्यरत हैं, का इकलौता बेटा 31 वर्षीय मनिंदर सिंह, जो पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से बीटेक कर चुका था, हाल में मानसिक तनाव से गुजर रहा था। परिजनों के अनुसार मनिंदर एक निजी कंपनी में कार्यरत था और मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर 1 जून को लोनी के साधनपुर इलाके में स्थित 'विंग ऑफ लाइफ' नामक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। रेनू का आरोप है कि भर्ती के समय उनसे 7,000 की जगह 22,000 वसूले गए और बेहतर इलाज का आश्वासन दिया गया। लेकिन बेटे की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती चली गई। उन्होंने केंद्र संचालकों विकास गुप्ता और दिनेश गुप्ता पर आरोप लगाया कि उन्होंने मनिंदर के साथ न केवल शारीरिक मारपीट की, बल्कि उसे अत्यधिक नींद की दवाइयां दीं, जिससे उसकी तबीयत गंभीर हो गई। 11 जून की रात, जब मनिंदर की स्थिति और बिगड़ी, तो केंद्र के कर्मचारी उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनिंदर की मौत की सूचना रात 9 बजे परिजनों को फोन पर दी गई। जब वे अस्पताल पहुंचे, तो पाया कि केंद्र के कर्मचारी शव को इमरजेंसी के बाहर छोड़कर भाग खड़े हुए थे।

# रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल द्वारा लक्ष्य पाठशाला, मोदीनगर में वस्त्र वितरण एवं प्रिंटर स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न









वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल के तत्वावधान में आज मोदीनगर स्थित लक्ष्य पाठशाला में गरीब व झुग्गी बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए वस्त्र वितरण एवं शिक्षा के सहयोग हेतु प्रिंटर स्थापना का आयोजन किया गया। यह पाठशाला श्रीमती नीलू राय द्वारा संचालित की जाती है, जो ऐसे बच्चों को शिक्षा देती हैं जो कूड़ा बीनने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल के अध्यक्ष रिपुल तायल, सचिव कपिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष आलोक झंवर एवं असिस्टेंट गवर्नर स्वाति जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्लब सदस्यों ने बच्चों को नए वस्त्र भेंट किए तथा एक आधुनिक प्रिंटर भी स्कूल को सौंपा, जिससे बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित वर्ग के लिए सहयोगात्मक कार्य करते रहेंगे। श्रीमती नीलू राय ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और इससे उन्हें बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने की शक्ति मिलेगी।